राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना

वर्षः 24 अंक 39

सोमवार 02 जून, 2025

तापमान अधिकतम 36°C न्यूनतम 28°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in



TarunMitra TarunMitra TarunMitra

www.youtube.com/@TarunmitraGroup


## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे लिए प्रेरणामूर्ति : धनखड़



**आगरा, 01 जून (तरुणमित्र)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत की वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे लिए प्रेरणामूर्ति हैं। वह न्यायप्रिय थीं। अहिल्याबाई ने हमारे सांस्कृतिक विरासत के सृजन व संरक्षण का कार्य किया। नारी शक्ति के सशक्तीकरण के लिए अहिल्याबाई ने अपनी सेना में महिलाओं की टुकड़ी बनाई थी। जब औरंगजेब ने काशी विश्वनाथ के मंदिर को नष्ट किया, उसके सौ साल बाद अहिल्याबाई होलकर ने मंदिर बनवाया। उप राष्ट्रपति धनखड़ रविवार को यहां राजकीय इण्टर कालेज मैदान पर अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आज संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे। अहिल्याबाई होलकर ने उस कठिन समय में महान भारत की कल्पना की थी। धर्म संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं।

उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ और भीमाशंकर आदि अनेक मंदिर बनवाये। उप राष्ट्रपति ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर धनगर थीं, हम धनखड़ हैं। उन्होंने कहा कि जो अहिल्याबाई होलकर ने किया वह यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियां योगी के इस कार्य को उसी तरीके से याद करेंगी, जैसे कि आज लोकमाता अहिल्याबाई को याद कर रहे हैं।

# पूर्वोत्तर में बाढ़ व भूस्खलन से भारी तबाही

## मृतकों की संख्या बढ़कर 20 हुई
## तटबंध टूटने से इंफाल पूर्व का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न

**गुवाहाटी, 01 जून।** पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर भारत में भीषण बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में अब तक 20 से अधिक लोगों की मौत हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने इस भारी बारिश का कारण बांग्लादेश के ऊपर बने निम्न दबाव को बताया है। गुवाहाटी के चपाइडांग में भूस्खलन से महिला और बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत की खबर है। ईस्ट कामेंग जिले में बाना-चेप्पा हाईवे पर एक वाहन के खाई में गिर जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। निचले सुबनसिरी जिले के पास हुए भूस्खलन में भी दो लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है। पश्चिम कामेंग में बालीपारा-चरदुवार-तवांग मार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण कई गांवों का संपर्क मार्ग बंद हो गया, जिससे कई यात्री फंसे हुए हैं। मणिपुर में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन ने पहाड़ी जिलों सेनापति, तमेंगलोंग, नुने और फेरजॉल में तबाही मचाई है। इंफाल नदी का तटबंध टूटने से इंफाल पूर्व का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। राज्य प्रशासन ने बताया कि इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों सहित कम से कम 800 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। भारतीय सेना और असम राइफल्स ने 'ऑपरेशन जलराहत' के तहत मणिपुर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लगभग 800 नागरिकों को शनिवार को बचाया है।शनिवार को इंफाल में बारिश के कारण भारी जलभराव हो गया, जिससे सड़कों पर यातायात ठप हो गया और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। शहर और इसके आसपास के निचले इलाके सबसे अधिक प्रभावित हुए। मिजोरम में भी स्थिति कुछ अलग नहीं रही। बीते 24 घंटों में विनाशकारी बाढ़ के चलते चार लोगों की मौत हो चुकी है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, चंपाई जिले में अचानक आई बाढ़ में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सेरछिप में एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। कई जिलों में भूस्खलन से घरों और सड़कों को नुकसान पहुंचा है। खबर लिखे जाने तक मलबे के नीचे एक व्यक्ति दबा हुआ बताया जा रहा है। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह और आपदा प्रबंधन मंत्री प्रोफेसर लालनिलावमा ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर मृतकों के परिजनों के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है।

राज्यभर में राहत और निगरानी अभियान जारी है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर बताया है कि असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है।

**आपदा**

- मणिपुर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लगभग 800 नागरिकों को बचाया
- मदद के लिए मोदी सरकार चट्टान की तरह खड़ी : शाह




## संक्षिप्त समाचार

### गोमती रिवर फ्रंट में दुर्गंध खत्म होने से बढ़ेगा जेट स्कीइंग का आनंद : अखिलेश

**लखनऊ, 01 जून (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक्स पर एक ट्वीट कर कहा कि सपा के बनाए लखनऊ गोमती रिवर फ्रंट में आम जनता के स्वस्थ मनोरंजन के लिए जेट स्कीइंग का आनंद तब और बढ़ जाएगा, जब भाजपा सरकार की लापरवाही और उपेक्षा के कारण प्रदूषित गोमती नदी अपने बदरंग और दुर्गंध को लेकर पर्यटकों के आनंद में बाधा न बने। भाजपा सरकार को कोई समझाए कि शुद्धीकरण से ही सौंदर्यीकरण की शुरूआत होती है।

### स्टालिन ने किया विधानसभा चुनाव का शंखनाद

**चेन्नई, 01 जून।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम(द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने रविवार को मदुरै में पार्टी की महत्त्वपूर्ण महासभा की बैठक की अध्यक्षता की जिससे वर्ष 2026 विधानसभा चुनावों की रणनीति तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी। इससे पहले उन्होंने शनिवार को 25 किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो करके चुनाव प्रचार का आगाज किया।

इस रोड शो में जनता का उत्साह और समर्थन देखने लायक था। इसके बाद पार्टी की महासभा बैठक में श्री स्टालिन के संबोधन पर राजनीतिक हलकों में पैनी नजर थी, जहां उनसे चुनावी रोडमैप प्रस्तुत करने की उम्मीद की जा रही थी।

द्रमुक की नीति निर्धारण करने वाली सर्वोच्च संस्था महासभा की बैठक मदुरै में 48 वर्षों बाद आयोजित की गयी है। पिछली बार यह बैठक वर्ष 1977 में हुई थी, जब दिवंगत नेता के. अन्बझगन को महासचिव चुना गया था। वह आजीवन इस पद पर बने रहे। बैठक स्थल को चेन्नई स्थित द्रमुक मुख्यालय अन्ना अरिवालयम की तर्ज पर सजाया गया था। वहां पार्टी संस्थापक सी.एन. अन्नादुरई, पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि, समाज सुधारक पेरियार और स्टालिन के विशाल कटआउट लगाए गए थे।

### वाणिज्य व उद्योग मंत्री का फ्रांस दौरे पर भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, 01 जून।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे की शुरूआत की। यह दौरा फ्रांस और इटली के लिए 1 से 5 जून तक जारी रहेगा। फ्रांस में गोयल कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इनमें अर्थव्यवस्था मंत्री एरिक लोम्बार्ड और व्यापार मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन शामिल हैं। इन बैठकों में भारत-फ्रांस आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने पर चर्चा होगी। इस दौरे में प्रमुख फ्रांसीसी कंपनियों जैसे विकाट, टोटल एनर्जी, लोरियल, रेनॉल्ट, वैलेओ, ईडीएफ और एटीआर के साथ व्यापारिक बैठकें भी शामिल हैं। इसके अलावा, इंडिया-फ्रांस बिजनेस राउंड टेबल और इंडिया-फ्रांस सीईओ फोरम का आयोजन किया जाएगा।

गोयल ओईसीडी मंत्रिस्तरीय परिषद की बैठक के दौरान डब्ल्यूटीओ मंत्रियों की अनौपचारिक सभा में भी भाग लेंगे। यहां वे वैश्विक व्यापार मुद्दों पर अपने समकक्षों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। इस यात्रा के दौरान, गोयल विभिन्न अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

## एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली, 1 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा से मुलाकात की। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत के पिछले एक दशक में तेजी से बदलाव ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा में और गति जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने अपनी बात साझा करते हुए एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा, ?मसातो कांडा के साथ मेरी बैठक बहुत अच्छी रही। हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। भारत का तेजी से परिवर्तन अनगिनत लोगों को सशक्त बना रहा है। हम इस यात्रा में और सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। वहीं, मसातो कांडा ने भी एक्स पर अपनी बात रखते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण साहसी है। एडीबी इस महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है। हम अगले पांच वर्षों में तीसरे पक्ष के साथ शहरी बुनियादी ढांचे के विकास में 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। इसमें मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय तेज परिवहन प्रणाली कॉरिडोर का निर्माण और शहर सेवाओं का आधुनिकीकरण शामिल है। उन्होंने बताया कि 1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत सबसे बड़ा और स्थायी सहयोगी है।

# सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस का संसद सत्र बुलाने पर जोर

**नई दिल्ली, 01 जून।** कांग्रेस ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान द्वारा किये गये खुलासे के मद्देनजर सैन्य एवं विदेश नीति से संबंधित रणनीति पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की रविवार को मांग की। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि सरकार सभी दलों और पूरे देश को विश्वास में ले तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को वह बताना चाहिए था कि जो जनरल चौहान ने सिंगापुर में कहा है।

उन्होंने एक न्यूज एजेंसी से कहा, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर कुछ महत्वपूर्ण बयान सिंगापुर में दिए हैं। बेहतर होता कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री ने पहले सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को इस बारे में जानकारी दी होती। रमेश ने कहा, जनरल चौहान के बयानों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद के दौर में व्यापक रणनीतिक विदेश नीति और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद की तत्काल बैठक बुलाने के मामले को बल मिलता है। शनिवार को सिंगापुर में जनरल चौहान ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया।

उन्होंने छह भारतीय विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी 'बिल्कुल गलत' बताया। जनरल चौहान ने ब्लूमबर्ग टीवी के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि भारत ने शुरूआती नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद पाकिस्तान पर पलटवार करने के लिए अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाये और सटीक हमले किए।

रमेश ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि इस तरह के बयान सीडीएस की ओर से सिंगापुर से आ रहे हैं। जनरल चौहान के बयानों का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल किया, प्रधानमंत्री विपक्षी नेताओं को जानकारी क्यों नहीं दे सकते थे? उन्होंने कहा, हम इसी उद्देश्य के लिए सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

**सवाल**



- यह चिंता का विषय है कि इस तरह के बयान सीडीएस की ओर से सिंगापुर से आ रहे : जयराम रमेश

## डीसीएम-पिकअप की भिड़ंत में पांच की मौत, छह घायल

**चित्रकूट, 01 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाखरवार मोड़ के पास बैंड पार्टी को लेकर जा रहा पिकअप वाहन और डीसीएम ट्रक में सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया।

गंभीर रूप से घायल लोगों को प्रयागराज हॉयर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की करीब दोपहर 12 बजे एक डीसीएम जो कर्वी से प्रयागराज की तरफ जा रहा था। तभी भाखरवार मोड़ के पास डीसीएम एक पिकअप वाहन से टकरा गई। यह पिकअप वाहन मऊ से कर्वी की तरफ बारात से लौट रहा था। इस घटना में रामू साहू पुत्र बाबूलाल निवासी बलहोरा और दुर्गा पुत्र बिर्जावन निवासी शिवरतन का डेरा थाना मऊ की मौके पर मौत हो गई। जबकि बच्चा पुत्र खोदू राम, कुनैन पुत्र दिलावर निवासी बलहोरा और संतराम पुत्र खुन्नीलाल निवासी सकोहा थाना मऊ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## मोतिहारी पहुंचेगे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

**पूर्वी चंपारण, 01 जून।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र पीपराकोठी आयेंगे,जहां विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर प्रगतिशील किसानों को संबोधित करेंगे। इस दौरान कृषि मंत्री 6.14 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। तत्पश्चात दो हजार किसानों साथ तिरंगा यात्रा निकालेंगे। रविवार को पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया, जिसके बाद उन्होने पत्रकारो को बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार पूरे देश भर में भ्रमण कर रहे हैं। और जगह-जगह किसानों से वातार्लाप भी कर रहे हैं। इस भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को पीपराकोठी कृषि विज्ञान केन्द्र में सुबह 9 बजे आगमन सुनिश्चित हुआ है।

उन्होने बताया कि भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के द्वारा 29 से 12 जून तक देशव्यापी महत्वकांक्षी महाभियान की शुरूआत की गई है, जिसे विकसित कृषि संकल्प अभियान के नाम से पूरे देश में चलाया जा रहा है।

## 24 करोड़ की लागत से नालंदा में बनेगा पूर्वोत्तर भारत का पहला आधुनिक सुविधायुक्त इनडोर शूटिंग रेंज

**पटना, 01 जून।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नालंदा जिले के कल्याण, विगहा में खाली पड़ी भूमि पर 25 मीटर एवं 50 मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण हेतु 24.21 करोड़ (चौबिस करोड़ एक्कीस लाख सनतानवे हजार रुपए) रुपये की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।



उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा स्थित इनडोर शूटिग रेंज से सटे पूरब व दक्षिण पूरब खाली पड़ी जमीन में 25 व 50 मीटर का आउटडोर रेंज बनाए जायगा। उन्होंने बताया कि कल्याण विगहा का 10 मीटर इनडोर शूटिग रेंज देश का दूसरा सबसे अच्छा रेंज है। यहां 25 मीटर और 50 मीटर का रेंज नहीं होने से यह अधूरा था।

सम्राट चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने पर 25 और 50 मीटर की शूटिग का अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को न कहीं बाहर जाना पड़ेगा, न खेल का अभ्यास छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कल्याण बिगहा का शूटिग रेंज 14 साल पूरा करने वाला है। 14 मई 2011 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इनडोर शूटिग रेंज का उद्घाटन किया था। इस रेंज का संचालन साढ़े पांच सालों तक पंचायत भवन में हुआ। 1 जनवरी 2017 को 35 लेन के अत्याधुनिक रेंज का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। उन्होंने कहा कि यह रेंज पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत का पहला इतना बड़ा और आधुनिक सुविधायुक्त शूटिंग रेंज है। यहां स्कोरिग भी स्वतः व आनलाइन होती है। यहां नेशनल स्तर के कई मैच हो चुके हैं। अपने आप में इस तरह का यह देश का दूसरा शूटिंग रेंज है। पहला स्थान मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के शूटिग रेंज का है।




बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल रविदास समाज की बैठक का उद्घाटन करते हुए।

### बीएमसी-निकाय चुनाव : महायुति में सीट बंटवारे पर रार

# नहीं बनी बात तो अकेले लड़ सकती भाजपा चुनाव

**नई दिल्ली, 01 जून।** महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सत्तारुढ़ महायुति में दरार पड़ती नजर आ रही है। यह दूरियां महायुति के तीन महत्वपूर्ण घटकों भाजपा, शिवसेना शिंदे और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय पार्टी में सीटों के बंटवारे को लेकर बढ़ी हैं।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पहले ही बीएमसी चुनाव में सीटों को लेकर भाजपा के सामने शर्त रख चुके हैं तो वहीं महायुति के दूसरे सहयोगी दल एनसीपी प्रमुख उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी खेला करने में पीछे नहीं हैं। इन परिस्थितियों के चलते यह भी संकेत मिले हैं कि भाजपा सहित अन्य दोनों घटक भी स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ सकते हैं। दरअसल, महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेता एक-दूसरे के सामने आ चुके हैं।

एनसीपी प्रमुख अजित पवार निकाय चुनाव से पहले ऐसा खेल कर रहे हैं जिसकी भनक भाजपा विधायकों को लग चुकी है और उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इसकी शिकायत कर आगाह भी कर दिया है। भाजपा विधायकों और मंत्रियों का दावा है कि अजित पवार की वजह से आगामी स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा की स्थिति कमजोर हो सकती है। विधायकों का आरोप है कि डिप्टी सीएम महाराष्ट्र में उन उम्मीदवारों को मजबूत कर रहे हैं, जिन्होंने 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को हराया था। एनसीपी खासकर मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र में भाजपा शासित निकायों को अजित पवार की एनसीपी टारगेट कर रही है। बता दें कि पश्चिम महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में एनसीपी और भाजपा दोनों ही मजबूत स्थिति में हैं। इन्हीं क्षेत्रों के जिलों को लेकर दोनों पार्टियों के बीच तनाव देखने को मिल रहा है। भाजपा के विधायक ही नहीं कैबिनेट मंत्री तक अजित पवार से नाराज चल रहे हैं।

**सियायत**

- शिंदे शिवसेना सीटों के बंटवारे को लेकर अब भी अपने दृष्टिकोण पर कायम
- एनसीपी प्रमुख अजित भी दे रहे भाजपा से रुठों को हवा
- ऐसे में भाजपा कर रही अकेले चुनाव मैदान में उतरने पर विचार

## अपराधियों से दो कदम आगे रहकर जांच करना जरूरी: शाह

**कोलकाता, 01 जून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता के राजारहाट में केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का मुख्य उद्देश्य एक पुख़्ता, सबूत-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली की स्थापना करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दिशा में तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। अमित शाह ने कहा, हमारी कोशिश है कि आपराधिक न्याय प्रणाली बहस आधारित नहीं बल्कि साक्ष्य आधारित हो। इससे न केवल दोषियों को संदेह का लाभ मिलने से रोका जा सकेगा बल्कि पीड़ितों को भी न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराधियों से दो कदम आगे रहकर जांच करना जरूरी है और इसमें आधुनिक तकनीक की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि डीएनए सीक्वेंसिंग की मदद से 20 साल पुराने मामलों को सुलझाया गया है और फॉरेंसिक ऑडिट्स से कई आर्थिक अपराधों का खुलासा हुआ है।

## मंडी के कमांद में जीप हादसा पंजाब के पांच युवकों की मौत

**मंडी, 01 जून।** जिला मुख्यालय मंडी से 14 किलोमीटर दूर मंडी कटौला मार्ग पर रविवार सुबह एक जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार पंजाब के पांच युवकों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को जोनल अस्पताल मंडी में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार पंजाब के एक टेंट हाउस से संबंधित पांच युवक महिंद्रा जीप (पीबी 02 ईजी 4543) से आगामी दिनों में आईआईटी कमांद में प्रस्तावित एक कार्यक्रम की तैयारी के सिलसिले में टेंट का सामान लेकर आ रहे थे। रविवार सुबह मंडी-बजौरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सदर उपमंडल के अंतर्गत कमांद पुल के पास चालक ने संतुलन खो दिया। जीप पुल की रेलिंग से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान डाले में सामान के ऊपर बैठे चार युवक लुढ़कते हुए नीचे उहल नदी किनारे जा गिरे। हादसा इतना गंभीर था कि पांचों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में सुखविंद्र सिंह पुत्र हरवंश सिंह, निवासी लुधियाना, उमेश कुमार पुत्र राजा राम, निवासी जी.टी. रोड, प्रतापनगर, अमृतसर, सागर पुत्र सुरेंद्र कुमार, निवासी गांव व डाकघर फिरोजपुर, जिला अमृतसर घायल चालक दलजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह, निवासी गांव मलिया, जिला तरनतारन है। उसका जोनल अस्पताल मंडी में इलाज चल रहा है।

# राहुल गांधी की सोच को घर-घर तक पहुंचाने में जुटे आफताब कंचन

### प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लगातार जनसंपर्क अभियान कर रहे हैं आफताब कंचन



**आजमनगर, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरूआत कर दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता आफताब-कंचन ने कार्यकताओं के साथ मिलकर क्षेत्र का दौरा किया और कांग्रेस की नीतियों व विजन को जनता तक पहुंचाया। जनसंपर्क के दौरान आफताब-कंचन ने कहा कि यदि बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तो 'माई-बहिन मान योजना' के तहत राज्य की हर महिला को हर माह ?2500 की सीधी आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने

आजादी के आंदोलन से लेकर अब तक सदैव देशहित में कार्य किया है। उन्होंने देश में बढ़ती नफरत की राजनीति पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे विकास की प्रक्रिया बाधित हुई है और महंगाई आसमान छू रही है।

आफताब-कंचन ने राहुल गांधी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि वे नफरत के खिलाफ लगातार आवाज उठा रहे हैं और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस केवल सत्ता पाने की नहीं, बल्कि देश में प्रेम, एकता और भाईचारे को कायम रखने की राजनीति करती है। राहुल गांधी देशभर में आम लोगों से संवाद कर रहे हैं और उनकी विचारधारा को जनता तक पहुंचाना कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। इस अभियान के अंतर्गत कार्यकताओं ने अपने घरों पर कांग्रेस का झंडा फहराया और ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया।

हर घर झंडा पहल के तहत गांवों में कांग्रेस के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिला। कई ग्रामीणों ने पार्टी का समर्थन जताते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।अंत में आफताब आलम ने कहा कि राहुल गांधी की विचारधारा को आम लोगों तक ले जाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है, और कांग्रेस को बिहार में सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ काम कर रहे हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट की राजनीति कर रही है बीजेपी : प्रतिभा

**दरभंगा, 01 जून (तरुणमित्र)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद बीजेपी 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम पर वोट की राजनीति कर रही है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बातें रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस की प्रदेश प्रतिनिधि प्रतिभा सिंह ने कही। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर हमारे कांग्रेस कार्यकर्ता सिंदूर व सुहाग की टोकरी लेकर बीजेपी के नेताओं के घर जाए तो क्या उनके घर की महिलाएं सिंदूर लगाएंगी।

हिन्दू धर्म में पति के अलावा सिर्फ औरत ही औरत को सिंदूर लगा सकती है। अगर बीजेपी के तमाम नेता अपने आप को महिला समझते




हैं तो सिंदूर जरूर बांटे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी को सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले की पीड़ित महिलाओं के घर जाकर उन्हें सांत्वना देना चाहिए था लेकिन वो वहां नहीं जाकर सीधे बिहार के मधुबनी में आकर राजनीति कार्यक्रम को संबोधित करने का काम किया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयानंद पासवान, जिला प्रवक्ता मो. असलम, रतिकांत झा, कन्हैया झा, डॉ. जमाल हसन, राजा अंसारी, सरफराज अनवर, हसमत अली, एहसान सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

# कोढ़ा एनएच-81 पर कोल्ड स्टोरेज के पास मक्का से लदा ओवरलोड ट्रैक्टर पलटा, बाल-बाल बचा चालक



**कोढ़ा, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-81) पर स्थित कोल्ड स्टोरेज के समीप शनिवार की सुबह एक बड़ा हादसा टल गया जब मक्का से भरा एक ओवरलोड ट्रैक्टर असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर पर निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक मक्का लदा हुआ था। तेज रफ्तार ओवरलोडिंग के चलते वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर कोल्ड स्टोरेज के पास सड़क के किनारे पलट गया।

ट्रैक्टर के पलटते ही मौके पर जोरदार आवाज हुई, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए और घटनास्थल की ओर दौड़े। स्थानीय लोगों की मदद से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में राहगीर और स्थानीय ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। हादसे की सूचना कोढ़ा थाना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। और अग्रतर कारवाई में जुट गई। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को सड़क से हटाकर यातायात को सामान्य किया गया।ओवरलोडिंग बन रही हादसों की वजह पिछले कुछ महीनों में इस क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मक्का धान और अन्य अनाज की ढुलाई के दौरान ट्रैक्टरों पर क्षमता से अधिक माल लादने की प्रवृत्ति आम हो चली है। इससे सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं हो रहा है, और परिवहन विभाग की सक्रियता की कमी से चालक मनमानी करते हैं। कोढ़ा एनएच-81 एक व्यस्त राजमार्ग है जहां भारी वाहनों की आवाजाही आम बात है। ऐसे में ओवरलोडिंग की घटनाएं न केवल चालक के लिए बल्कि अन्य राहगीरों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती हैं।

## मनिहारी में दो पक्की सड़कों का विधायक ने किया उद्घाटन

**मनिहारी, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** मनिहारी प्रखंड के बघार पंचायत वार्ड संख्या-1 में महादलित टोले में दो पक्के पथों का उद्घाटन विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने किया। यह कार्य मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत पूरा हुआ। उद्घाटन के दौरान महादलित समाज के लोगों ने पारंपरिक तरीके से विधायक का स्वागत किया। महेंद्र ऋषि, प्रेमलाल ऋषि और सोमवारी ऋषि ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। कार्यक्रम में बस्ती के लोगों ने अपनी समस्याएं सामने रखीं। इनमें बुनियादी सुविधाओं की कमी, पीने के पानी की दिक्कत, अधूरी ह्यहर घर नल-जलह्व योजना, स्कूल की कमी और भूमि आवंटन में रुकावटें शामिल रहीं। विधायक ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा, ₹विकास का असली मतलब तब है जब इसका लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे। मैं यहां शिक्षा, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इस कार्यक्रम में कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

## आरएसएस पर ब्यान दे फंसी महापौर, भाजपाइयों ने विरोध में फूंका उनका पुतला



**दरभंगा, 01 जून (तरुणमित्र)।** सोशल मीडिया पर आरएसएस पर किए गए टिप्पणी के विरोध में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण चौधरी मन्ना के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर निगम में नाजिया हसन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण चौधरी मन्ना ने कहा कि दरभंगा नगर निगम की उपमहापौर जो संवैधानिक पद पर हैं उन्होंने असंवैधानिक टिप्पणी करते हुए आरएसएस जैसे विश्वव्यापी संगठन को पाकिस्तान से जोड़ा है जो यह परिलक्षित करता है की उपमहापौर देशद्रोही संगठन से मिलकर इस प्रकार के असंवैधानिक वक्तव्य दिया है।

आरएसएस वसुधैव कुटुंबकम्‍ की बात करता है एवं पाकिस्तानी जेहादी भारत में अलग भारत की मांग करता है। उनका यह ब्यान देशद्रोही संगठन से जुड़ाव का संकेत देता है एवं उनके द्वारा दिए गये बयान से समाजिक सौहार्द को खतरा पहुंचा है। प्रशासन उनके बयान पर संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज करें एवं संवैधानिक पद से बर्खास्त करें। मौके पर सोनी पूर्वे, सपना भारती, मीरा मेहता, संगीता साह, रंजू मिश्रा, रेखा भारती, मुकेश महासेठ, विकास रजक, सुजीत मल्लिक, बालेन्दु झा, बबलू पंजियार, संतोष पोद्दार, श्रवण महतो आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नारी सशक्तिकरण की प्रतीक थी अहिल्याबाई : डॉ. धर्मशीला

**दरभंगा, 01 जून (तरुणमित्र)।** अहिल्याबाई ने काशी विश्वनाथ समेत देशभर के हजारों मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। भारत के गौरवशाली इतिहास को लंबे समय तक दबाया गया। अहिल्याबाई जैसी विभूतियों ने सनातन संस्कृति को संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई। यह बातें राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा रानी अहिल्याबाई सामाजिक न्याय की पुरोधा थी। महिलाओं के उत्थान के लिए उनके द्वारा किये हुए कार्य स्मरणीय है। इसीलिए रानी अहिल्याबाई को लोकमाता भी कहते हैं।



### राजद की बैठक में अध्यक्ष चुने गए दीपक

**कोलासी, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** कोढ़ा प्रखंड कर्यालय में राजद पार्टी के क्रियाशील सदस्य व पार्टी शुभचिंतकों की बैठक हुई। जिसमें संगठन पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। पार्टी के संगठनात्मक चुनाव पर चर्चा की गई। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष व डेलीगेट पर चर्चा हुई। चर्चा में दीपक कुमार दस पिता रामरूप दस ग्राम एवं थाना कोढ़ा को अध्यक्ष पद के लिए सर्व सम्मति से चुना गया। जिसका समर्थन सुनील कुमार दास, युगल किशोर यादव, धीरज कुमार सिंह, लालेश्वर कुमार पीड़ा, मनीर आलम, एवं उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ उठा कर समर्थन दिया। इस कार्यक्रम में समन्वयक निवार्ची पदाधिकारी कोढ़ा अनवर आजाद, निवार्ची पदाधिकारी मिथिलेश यादव उपस्थित हुए।

### आगलगी से पीड़ित परिवारों के बीच रेड क्रॉस ने बांटी राहत सामग्री

**कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार जिला के हसनगंज प्रखंड के रामपुर पंचायत के वार्ड नंबर 6 में विगत रात आग लगने से चार घर प्रभावित हो गए थे रेड क्रॉस सोसाइटी के अग्नि पीड़ित राहत कार्यक्रम के संयोजक भुवन अग्रवाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही कार्यकारिणी समिति के सदस्य बब्बन झा के साथ तत्काल राहत सामग्री लेकर घटनास्थल की ओर रवाना हुए मौके पर माननीय तारकेश्वर प्रसाद कटिहार विधायक की गरीमामय उपस्थिति में पीड़ित परिवार के पांडव पोद्दार सुबोध पोद्दार राजेश कुमार पोद्दार प्रिंस कुमार पोद्दार को बर्तन की किट जिसमें 36 प्रकार के बर्तन रहते हैं एक बड़ा ट्रिपाल ,हाइजीनिक किट जिसमें कपड़ा धोने के साबुन नहाने का साबुन टूथब्रश मंजन सेनेटरी पैड आदि रोजमर्रा की वस्तुएं रहती है को उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम में माननीय विधायक के अलावा मुकेश श्रीवास्तव गौतम शीतल शाह राजकुमार मंडल ज्योतिष कांत मंडल हृदय उरांव विकास विश्वास मंगल महलदार आदि कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे। संस्था के सचिव संतोष गुप्ता ने राहत टीम की तत्परता पर खुशी जाहिर की।



### शिव कार्य समिति का गठन, अमरजीत चंद्रा बने अध्यक्ष

**कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** शिव शिष्य हरिन्द्रानंद फाउंडेशन एवं वैश्विक शिव शिष्य परिवार द्वारा कटिहार के चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिव गुरु कार्य के विस्तार को लेकर शिव कार्य समिति का गठन किया गया। समिति का उद्देश्य शिव गुरु के आदर्शों और शिक्षाओं को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाना है। बैठक में सर्वसम्मति से अमरजीत चंद्रा को समिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि अभय कुमार को सचिव और निशा देवी को उपाध्यक्ष और मिथिलेश यादव को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा समिति में कुल 21 सदस्यों की एक टीम बनाई गई, जो शिव कार्य के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने कहा कि शिव गुरु की शिक्षाएं आज के समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोग एवं शिव शिष्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने समिति के गठन का स्वागत करते हुए इसे समाज हित में एक सकारात्मक पहल बताया। इसके अलावा नई कमेटी में अविनाश यादव, शंकर मंडल, पुष्कर कुमार विश्वास, रवि कुमार, देवानंद शाह, पंकज पटेल, गौरव कुमार, रूबी कुमारी, पिंकी देवी,अनीता देवी, सरिता देवी, रीना देवी, नन्हकी देवी, शीला देवी, रिंकू देवी, पूनम देवी, बबिता देवी, अनीता देवी शामिल हैं।

### बिहार को जंगलराज कहने वालों ने बिहार में लाया महाजंगलराज : सुनील

**कटिहार।** रविवार को प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर मुजफ्फरपुर में दलित मासूम बच्ची के साथ हुए दरिंदगी के बाद इलाज के दौरान मौत हो जाने पर कटिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव एवं महिला प्रकोष्ठ की कटिहार अध्यक्ष अंजुमन कौसर उर्फ अम्रपाली यादव के संयुक्त अध्यक्षता में सदर विधानसभा के हफलागंज चौक पर बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। इस पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने भाग लिया और जमकर बिहार सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए बिहार को महाजंगल राज बताया। इस दौरान कटिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने मुजफ्फरपुर में मासूम बच्ची के साथ हुए दरिंदगी और इलाज के क्रम में निधन होने पर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त किया और बिहार सरकार और कानून व्यवस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार को जंगल राज बताने वालों ने वर्तमान में बिहार में महाजंगल राज ला दिया हैं। प्रतिदिन बिहार के अलग-अलग जगह पर हत्या,लूट,डकैती, दुष्कर्म जैसे संगीन वारदात हो रहे हैं और सरकार कुंभकर्ण की नींद सोई हुई हैं। कटिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि ईश्वर मासूम बच्ची के आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुःख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिजनों के साथ खड़े हैं उन्होंने कहा कि सचमुच अगर बिहार में कानून व्यवस्था थोड़ी बहुत भी बची है तो इस घटना को अंजाम देने वाले को फांसी की सजा दी जाए।

## कोढ़ा प्रखंड के खुदना गांव में तेज आंधी से उजड़े गरीबों के आशियाने, टीन के छप्पर उड़ने से कई परिवार बेघर



**कोलासी, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत चंदवा पंचायत के खुदना गांव के वार्ड संख्या 3 में बीती रात आई तेज आंधी ने कहर बरपाया। इस प्राकृतिक आपदा ने गरीब मजदूर परिवारों के सिर से छत छीन ली। सभी पीड़ित परिवार मजदूरी कर जैसे-तैसे अपना जीवन यापन कर रहे थे, लेकिन तेज आंधी ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया।

ग्रामीणों के अनुसार, पीड़ित परिवारों के घरों की छत पर टीन का छप्पर लगा हुआ था, जो तेज हवाओं के कारण उड़ गया। इससे उनके घर उजड़ गए और वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। प्रभावित परिवारों में परिमल पासवान, इंद्रदेव पासवान, संतोष पासवान, मनोज पासवान, बंगाली पासवान, राजा पासवान, सूरज पासवान और घोरन पासवान शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया फारूक आजम मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए आश्वासन दिया कि आपदा प्रबंधन विभाग से समुचित राहत और सहायता दिलाई जाएगी। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवारों को तत्काल टेंट, खाद्य सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे दोबारा अपने जीवन को पटरी पर ला सकें।

## सांसद डॉ. धर्मशीला बनी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

**दरभंगा, 01 जून (तरुणमित्र)।** राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशिला गुप्ता को प्रदेश भाजपा का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जिला भाजपा के कार्यकताओं ने उन्हें नए दायित्व के लिए बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी है। शुभकामना संदेश व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण चौधरी मन्ना ने कहा कि दरभंगा जिले से डॉ. धर्मशिला गुप्ता को प्रदेश का उपाध्यक्ष मनोनीत होना खुशी की बात है और इसके लिए दरभंगा जिला भाजपा परिवार की ओर से प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही पार्टी नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार को मिथिला क्षेत्र का प्रभारी महामंत्री एवं नवनियुक्त प्रदेश मंत्री रत्नेश कुशवाहा को दरभंगा जिले का प्रभारी तथा प्रदेश मंत्री भीम साहू को जिले के सह प्रभारी नियुक्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देती है।

# कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र में श्रम विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**कोलासी, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रविवार को श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार की ओर से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही 16 प्रकार की श्रमिक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना था। प्रभारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कोढ़ा ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पंजीकरण (निबंधन) के माध्यम से लिया जा सकता है।

इन योजनाओं में शिक्षा सहायता, चिकित्सा सहायता, मातृत्व लाभ, पेंशन, दुर्घटना बीमा, आवास सहायता आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में कला टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से श्रमिकों को सरल एवं प्रभावी ढंग से इन योजनाओं की जानकारी दी गई। नाटक के माध्यम से यह बताया गया कि किस प्रकार श्रमिक ऑनलाइन अथवा श्रम विभाग के कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। लेबर इंस्पेक्टर अमोद कुमार सिंह ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मजदूरों को अपना निबंधन अनिवार्य रूप से कराना चाहिए, ताकि उन्हें सरकार की ओर से मिलने वाले कल्याणकारी लाभ समय पर प्राप्त हो सकें। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं से वंचित न रहें। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर अमोद कुमार सिंह सहित दर्जनों स्थानीय लोग, पंचायत प्रतिनिधि और श्रमिक समुदाय के सदस्य मौजूद रहे। लोगों ने इस पहल की सराहना की और कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक बताया।

# महादलित आयोग के अध्यक्ष बने कोढ़ा के पूर्व प्रमुख मनोज

**कोढ़ा, कटिहार, 01 जून (तरुणमित्र)।** कोढ़ा के पुर्व प्रखंड प्रमुख सह जदयू खगड़िया संगठन प्रभारी मनोज कुमार ऋषि को बिहार सरकार ने महादलित आयोग के अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। बता दें की बिहार सरकार ने 1 जून 2025 को महादलित आयोग का पुनर्गठन करते हुए कटिहार जिले के कोढा के बौरा निवासी पुर्व प्रमुख मनोज कुमार ऋषि को आयोग का नया अध्यक्ष के पद नियुक्त किया है।



मनोज कुमार ऋषि के पिता स्वर्गीय विश्वनाथ ऋषि बिहार सरकार में कल्याण मंत्री व विधायक के पद पर रहते हुए खास कर कोढ़ा सहित सीमांचल के महादलितों के अपने अधिकारों व कर्तव्यों के लिए अपने पद पर रह कर अच्छी खासी सुर्खियां बटोरी थी उनके द्वारा किए गये जनहित के कायों को आज भी याद कर चर्चा का बिषय बनती रहती है। मनोज पुर्व में भी जदयू पार्टी के धमदाहा विधानसभा के प्रभारी के पद पर भी जदयू के संगठनात्मक को अपनी पार्टी के प्रति सच्ची कर्तव्यनिष्ठता कार्यकुशलता का परिचय देकर धरातल पर उतारने का कार्य किया था। जदयू के शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए जदयू जिला संगठन प्रभारी खगड़िया की जिम्मेदारी सौंपी इस जिम्मेदारी का भी निर्वाहन कर खगड़िया में अपनी पार्टी के प्रति संगठन को मजबूती करने हेतु लगातार संघर्षशील है।

मनोज कुमार ऋषि जो की कोढ़ा बौरा निवासी की राजनीति पारा की पारी उस समय सरचढ कर बोल रहा थी जिस समय कोढा की जनता ने सिरमौर बना कर दो बार प्रखंड प्रमुख की कुर्सी की बड़ी सौगात दी ।इन्होंने अपने प्रमुख के पद के कार्यकाल में में कोढ़ा की जनता की किसी भी समस्यायों के निदान त्वरित गति से अंजाम देने का कार्य किया करता था ।मनोज की धर्म पत्नी वंदना कुमारी भी वर्तमान में कोढा की जिला परिषद सदस्य के पद पर अपनी कुशल नेतृत्व कर रही है।

बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग सरकार के संकल्प संख्या 2050/दिनांक 30/8/2007 कंडिका 2 प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल के आदेश से सरकार के सचिव मो सोहैल ने विधिवत पत्र जारी कर उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं इस खबर के सुनते ही कोढा कटिहार सहित, खगड़िया में जदयू के तमाम बड़े छोटे नेताओं खास कर महादलित समुदायों के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों समाजसेवीयों के बीच मनोज से एक बड़ी उम्मीद के साथ हर्ष के माहौल उस समय देखने को मिला जब सभी एक जुट होकर ढोल नगाड़े बजाकर, आतिशबाजी कर रंग अबीर गुलाल के साथ उनका स्वागत कर जोरदार अभिनंदन किया।

इस दौरान मनोज ने तमाम स्वागत कर रहे लोगों को संबोधित करते हुए कहा की सरकार ने जो हमें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है मैं खास कर माननीय मुख्यमंत्री नितिश कुमार का सहृदय आभार व्यक्त करता हूं।मैं हमेशा गरीब , दलित, महादलित शोषित बंचितो के अधिकार को दबने नहीं दुंगा। उनके हक की लड़ाई में हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर निवास कर रहे लोगों को मुख्य धारा में लाने को लेकर संघर्षरत रहूंगा। ताकी उसका अधिकार व कर्तव्य क्या है उसके लिए सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को भी उसे आवश्यक मदद कर लाभ दिलाई जाएगी। मनोज के अध्यक्ष बनने पर दलित महादलित समुदायों के लोगों के बीच काफी उम्मीदें जगी है।

## विधानसभा स्तरीय पान समाज कार्यकर्ता सम्मेलन सह कबीर जयंती समारोह

**भागलपुर, 1 जून (तरूणमित्र)।** बिहपुर प्रखंड स्थित एनडीए कार्यालय में रविवार को बिहपुर विधानसभा स्तरीय पान/तांती समाज कार्यकर्ता सम्मेलन सह कबीर जयंती समारोह आयोजित हुआ,जिसमें उक्त समाज के कई प्रबुद्धजनों को सम्मानित भी किया गया। सम्मेलन सह सामारोह का उद्घाटन बिहपुर विस के भाजपा विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक ई.शैलेंद्र और संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने किया।

# उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों हुआ फिल्म मेंहीं एक विचार का भव्य फर्स्ट लुक आउट




**भागलपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** संतमत के महान प्रवर्तक, बीसवीं सदी के दिव्य संत, जन-जन के आराध्य, प्रातः स्मरणीय परमाराध्य महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के जीवन और विचारों पर आधारित हिन्दी फिल्म मेंहीं एक विचार का फर्स्ट लुक रविवार को भागलपुर स्थित कुप्पाघाट आश्रम में एक समारोह के दौरान जारी किया गया।

इस कार्यक्रम में संतमत से जुड़े हजारों श्रद्धालुओं और साधकों ने भाग लिया। मंच संचालन श्री सत्यप्रकाश बाबा और प्रियंका ने किया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा यह आयोजन आध्यात्मिकता और तकनीक का संगम है। जहां परंपरा भविष्य से मिलती है। मेहीं फि ल्म और आश्रम के मोबाइल एप और वेबसाइट के माध्यम से अब संतमत का संदेश, सत्संग, भजन, साहित्य और मार्गदर्शन देश-दुनिया के कोने-कोने में पहुंचेगा। महर्षि मेंहीं जी की शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए पथप्रदर्शक बनेंगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि महर्षि मेंहीं जी के जीवन पर इतनी सुंदर और प्रेरणादायक फिल्म बनाई गई है। यह फिल्म समाज के हर वर्ग को नई ऊर्जा और विचार देगी, खासकर युवा पीढ़ी के लिए यह एक अमूल्य मार्गदर्शन साबित होगी। फिल्म? मेंहीं एक विचार एक व्यक्तित्व के निर्देशक दीपक साह ने बताया कि यह फिल्म केवल एक बायोपिक नहीं है, बल्कि भारत की आध्यात्मिक विरासत को सिनेमा के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाने का एक गंभीर और भावनात्मक प्रयास है।

फिल्म में महर्षि मेंहीं जी के त्याग, तपस्या, ज्ञान और समाज सेवा के आयामों को दशार्या गया है, जिससे हर वर्ग के दर्शक प्रेरित होंगे। अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा कुप्पाघाट के अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि कुप्पाघाट सिर्फ भागलपुर ही नहीं पूरे विश्व पटल के अनुयाई के लिए इस तरह के पोर्टल और ऐप का निर्माण किया है, जिसके तहत पूरे विश्व स्तर के अनुयाई को कुप्पाघाट संत श्री मेंहीं जी के जीवन से जुड़ पाएंगे एवं जानकारी प्राप्त कर पाएंगे।

इस फिल्म का निर्माण अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा, कुप्पाघाट और अवर पाथ एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। फिल्म का निर्देशन दीपक साह ने किया है। आयोजन में मुख्य रूप से स्वामी सत्यानंद बाबा, पूज्य गुरु सेवी भागीरथ बाबा, प्रमोद बाबा, विधानपार्षद एन के यादव संतमत विचारक, श्रद्धालु एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल को संतमत के प्रसार और आध्यात्मिक चेतना के जागरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम करार दिया।

## स्वास्थ्य समीक्षा, एमआर लक्ष्य और टीकाकरण पर दिया गया विशेष जोर

**नालंदा, बिहारशरीफ, 01 जून (तरूणमित्र)।** नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत कल्याण विगहा स्थित रेफरल अस्पताल परिसर के सभागार में रविवार को मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने की। इस अवसर पर ब्लॉक कम्यूनिटी मैनेजर (बीसीएम) प्रमिला राय ने बताया कि प्रखंड में कुल 27 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और 5 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) संचालित हैं।

# नवादा की युवती की बंगलौर में हुई हत्या, 7 गिरफ्तार



**नवादा, 01 जून (तरूणमित्र)।** बिहार के नवादा में एक प्रेम प्रसंग में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने महिला सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

मामला नरहट थाना क्षेत्र के राहुल नगर का है। नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने रविवार को बताया कि घटना की शुरूआत 15 मई को हुई, जब एक लड़की और आशिक कुमार नाम के युवक के बीच प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया। लड़की की मां ने 23 मई को हिसुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने आरोप लगाया कि जयराम राजवंशी का बेटा आशिक कुमार शादी का झांसा देकर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। बाद में लड़की का शव बेंगलुरु के सूर्य नगर थाना क्षेत्र में चांदपुरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक के किनारे एक नीले रंग के ट्रॉली बैग में मिला। हिसुआ पुलिस ने शव की पहचान की पुष्टि की।

नवादा एसपी अभिनव धीमान की देखरेख में की गई कार्रवाई में आशिक कुमार, मुकेश कुमार, राजू कुमार, राजा कुमार, मोहन कुमार, कलू कुमार और इंदु देवी को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी नवादा जिले के राहुल नगर और फुलमा गांव के रहने वाले हैं। इस पूरी घटना पर डीएसपी हुलास कुमार ने एक टीम गठन किया था और फिर इस पूरे मामला में पुलिस को बेहतर कामयाबी हाथ लगी है। जांच में पता चला कि दोनों बिहार से बेंगलुरु गए थे। पुलिस की जांच में पूरे मामले का खुलासा हुआ है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका सीएम का फूंका पुतला

**अररिया, 01 जून (तरूणमित्र)।** मुजफ्फरपुर में रेप पीड़िता बच्ची के इलाज में लापरवाही से हुए मौत पर आक्रोशित कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय के मीर चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रविवार को पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाद अहमद के नेतृत्व में आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में विधायक आबिदुर रहमान ने भी भाग लिया। मौके पर मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाद अहमद और विधायक आबिदुर रहमान ने बिहार में लगातार गिर रहे कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा किया। कांग्रेस के नेताओं ने मुजफ्फरपुर में रेप पीड़िता बच्ची के मौत के लिए सीधे तौर पर बिहार सरकार और उनकी व्यवस्था को जिम्मेवार ठहराया और कहा कि बिहार में जिस तरह से कानून व्यवस्था के सवाल खड़े हो रहे हैं और आम लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, इसमें कोई भी महफूज नहीं है। उन्होंने रेप पीड़िता बच्ची के मौत के लिए जिम्मेवार लोगों के खिलाफ जांच कर हत्या का मुकदमा चलाए जाने की जरूरत करार दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर लगाए पौधे

**भागलपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर जिले के बिहपुर में रविवार को खिलाड़ियों ने पौधारोपण किया। राज्य प्रवक्ता सह नवगछिया पुलिस जिला बाल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार के नेतृत्व में बेल, जामुन समेत अन्य छायादार और फलदायी पौधा लगाया गया। पौधारोपण कार्य का संयोजन कर रहे अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार और अंकित कुमार शर्मा ने कहा कि इन पौधों को लगाने के साथ साथ शुद्ध पयार्वारण के लिए इसका संरक्षण भी करेगें। राज्य प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव ने कहा कि जब जब हम और क्षेत्र के लोग पेड़ लग जाने के बाद इसकी छांव में बैठेगें या इसमें लगने वाले फल को चखेगें, तब तब हम अपने सेना के आपरेशन सिंदूर की सफलता को याद कर गौरवान्वित होगें। हम अगली पीढ़ी को भी आपरेशन सिंदूर के बारे में बताएगें। इस मौके पर राष्ट्रीय खिलाड़ी आशीष कुमार उर्फ सन्नी, विकाश कुमार उर्फ विक्की, सुमन सिंह उर्फ धन्नो आदि भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान प्रयोजित आतंक और आर्तंकियों के ठिकानों के विरूद्ध भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर चलाकर मुंहतोड़ और कड़ा जबाब दे दिया गया है।



### बिजली विभाग के कर्मचारी के सेवानिवृति पर विभाग ने समारोह आयोजित कर दी विदाई

**अररिया, 01 जून (तरूणमित्र)।** फारबिसगंज बिजली विभाग में 1987 से कार्यरत कर्मचारी चिंतामणि देवी के सेवानिवृति पर विभाग के द्वारा हाइवे स्थित एक ढाबा में समारोह आयोजित कर रविवार को उन्हें विदाई दी। चिंतामणि देवी बिहार राज्य विद्युत बोर्ड से नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड तक में करीबन 38 वर्षों को सेवा दी। बिजली विभाग के एसडीओ कोमल कुमारी की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सेवानिवृति पर विदाई दी गई।मौके पर इन्हें शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बिजली विभाग की एसडीओ कोमल कुमारी ने कहा कि मिलनसार और मृदुभाषी स्वभाव की चिंतामणि देवी ने विभाग के लिए 38 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी है।नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कई उतार चढ़ाव की वह गवाह रही है। उन्होंने कहा कि उनके सेवानिवृति से कार्यालय में एक सूनापन आएगा और उनकी कमी खलेगी। वहीं चिंतामणि देवी ने अपने संबोधन में भावुक होकर अपने कार्यकाल को याद किया और अपने सभी सहयोगियों और अधिकारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।




### उदयपुर-फारबिसगंज स्पेशल ट्रेन के बढ़ाए गए चार अतिरिक्त ट्रिप, कई ट्रेनों में डिब्बों की बढ़ोतरी

**अररिया, 01 जून (तरूणमित्र)।** यात्रियों की बढ़ती संख्या और गर्मी को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड ने जून माह के लिए यात्रियों को राहत देते हुए कई प्रमुख ट्रेनों में डिब्बों की अस्थायी बढ़ोतरी और एक साप्ताहिक ट्रेन के चार अतिरिक्त ट्रिप की घोषणा की है। इससे अररिया सहित फारबिसगंज और आसपास के इलाकों के यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। रेलवे ने उदयपुर-फारबिसगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के चार अतिरिक्त ट्रिप चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 3 जून से 24 जून तक हर मंगलवार को उदयपुर से शाम 4:05 बजे रवाना होकर गुरुवार सुबह 5:30 बजे फारबिसगंज पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 5 जून से 26 जून तक हर गुरुवार सुबह 9:00 बजे फारबिसगंज से रवाना होकर शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि 12:40 बजे उदयपुर पहुंचेगी।इस ट्रेन में कुल 16 डिब्बे होंगे, जिनमें एक सेकंड एसी, तीन थर्ड एसी, एक इकोनॉमी, पांच स्लीपर, चार जनरल और दो पावरकार शामिल हैं। यह ट्रेन जयपुर, प्रयागराज और खागरिया होते हुए फारबिसगंज पहुंचेगी।इन ट्रेनों में डिब्बों की अस्थायी बढ़ोतरी रेलवे बोर्ड ने दिल्ली सराय ट्रेन, जयपुर इंटरसिटी, जयपुर-उदयपुर स्पेशल और उदयपुर-असारवा ट्रेन में 1 जून से लेकर 30 जून या 1 जुलाई तक अस्थायी रूप से अतिरिक्त डिब्बे जोड़ने का निर्णय लिया है। दिल्ली सराय ट्रेन में 1 जून से 30 जून तक एक सेकंड एसी और दो थर्ड एसी डिब्बे जोड़े जाएंगे।उदयपुर ट्रेन में 2 जून से 1 जुलाई तक यही डिब्बे जोड़े जाएंगे।जयपुर इंटरसिटी में 1 जून से 30 जून तक दो द्वितीय कुसीर्यान और एक साधारण श्रेणी का डिब्बा जोड़ा जाएगा।जयपुर-उदयपुर स्पेशल में दोनों दिशाओं में एक-एक साधारण डिब्बा बढ़ाया जाएगा। उदयपुर-असारवा ट्रेन में भी यही सुविधा 1 जून से 1 जुलाई तक दी जाएगी। रेलवे की इस व्यवस्था से गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों को काफी राहत मिलेगी और सीटों की उपलब्धता में भी इजाफा होगा।

### 15 जून तक शतप्रतिशत अग्रिम सीएमआर उपलब्ध कराने का निर्देश

**कटिहार, 01 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति एवं सीएमआर से संबंधित टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने जिले के सभी मिलरों को 15 जून तक शतप्रतिशत अग्रिम सीएमआर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी मिलरों को 22 घंटे मिलिंग करने और दैनिक सीएमआर की आपूर्ति करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि जो मिलर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति 15 जून तक नहीं करेंगे, उन्हें काली सूची में सूचीबद्ध करने और प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी मिलरों को अपनी क्षमता के अनुसार दैनिक मिलिंग करनी होगी और दैनिक सीएमआर की आपूर्ति करनी होगी। जिलाधिकारी ने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को मिल कैम्प कर मिल की क्षमता के अनुसार दैनिक मिलिंग कराते हुए दैनिक सीएमआर की आपूर्ति करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि अग्रिम सीएमआर के विरूद्ध नियमानुसार धान हस्तांतरण नहीं करने वाली समितियों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, कटिहार और प्रबंध निदेशक, सहकारिता बैंक, कटिहार को समतुल्य धान हस्तांतरण के पश्चात नियमानुसार तीन दिनों के अंदर सीएमआर की राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मिलरों को समय पर भुगतान करना आवश्यक है जिलाधिकारी ने सभी मिलरों और समितियों को निर्देश दिया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें और निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करें। यदि कोई मिलर या समिति निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति नहीं करती है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा के डीएम का तबादला नए डीएम नें दी योगदान

**नालंदा, बिहारशरीफ, 01 जून (तरूणमित्र)।** बिहार प्रशासनिक सेवा में हुए अहम फेरबदल के तहत नालंदा जिले को नया जिलाधिकारी मिल गया है। 2012 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी कुंदन कुमार को नालंदा का नया डीएम नियुक्त किया गया है। वहीं, वर्तमान जिलाधिकारी शशांक शुभंकर का तबादला गया जिले के डीएम पद पर कर दिया गया है। कुंदन कुमार इससे पहले नालंदा में उप विकास आयुक्त के रूप में कार्य कर चुके हैं। अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने योजनाओं को समय पर लागू कराने पारदर्शिता बनाए रखने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने जैसे कई सराहनीय प्रयास किए थे।



जमीनी स्तर की समझ और प्रशासनिक अनुभव के कारण उन्हें एक सुलझे हुए अधिकारी के रूप में जाना जाता है। कुंदन कुमार की वापसी को लेकर नालंदा की जनता में सकारात्मक उम्मीदें देखी जा रही हैं। खासकर शिक्षा स्वास्थ्य आधारभूत संरचना और कानून-व्यवस्था जैसे अहम क्षेत्रों में तेजी से सुधार की आशा जताई जा रही है। यह तबादला महज अधिकारियों के पद परिवर्तन का मामला नहीं बल्कि प्रशासनिक गुणवत्ता और सेवा दक्षता से जुड़ा निर्णय है। ऐसे अफसर जो जमीन से जुड़े हों और जनहित को प्राथमिकता दें वे स्थानीय प्रशासन को अधिक प्रभावी बना सकते हैं।

# विकसित-आत्मनिर्भर बिहार का संकल्प तभी संभव जब चिराग खुद बिहार में रहकर नेतृत्व करें : अरुण भारती

**पटना, 01 जून (तरूणमित्र)।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान के जीजा और लोजपा नेता अरुण भारती ने एक्स पर लंबा-चौड़ा पोस्ट कर लिखा है कि चिराग पासवान पूरे बिहार की उम्मीद हैं। अरुण भारती ने लिखा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान हमेशा कहते हैं कि उनकी राजनीति बिहार केंद्रित है और उनका विजन बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट एक विकसित और आत्मनिर्भर बिहार का संकल्प है। यह तभी संभव है जब वे खुद बिहार में रहकर नेतृत्व करें। अरुण भारती ने लिखा कि जब मैं प्रदेश प्रभारी के रूप में गांव-गांव गया, हर जगह लोगों की एक ही मांग थी, कि चिराग जी को अब बिहार में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। हाल ही में पार्टी कार्यकारिणी की बैठक में भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में खुद चुनाव लड़ें।

अरुण भारती ने आगे लिखा कि कार्यकर्ताओं की यह भी भावना है कि इस बार वे किसी आरक्षित सीट से नहीं, बल्कि एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ें, ताकि यह संदेश जाए कि वे अब सिर्फ एक वर्ग नहीं, पूरे बिहार का नेतृत्व करने के लिए वो तैयार हैं। चिराग पासवान आज सिर्फ प्रतिनिधि नहीं, पूरे बिहार की उम्मीद हैं। उनका यह कदम सामाजिक न्याय की राजनीति को एक नई दिशा देगा– जिसमें प्रतिनिधित्व के साथ-साथ सर्वमान्यता की भी लड़ाई लड़ी जाएगी। अरुण भारती ने आगे लिखा कि जब नेता पूरे बिहार का है, तो सीट का दायरा क्यों सीमित हो? कार्यकताओं की यह भी भावना है कि इस बार चिराग पासवान जी बिहार विधानसभा के चुनाव में किसी आरक्षित सीट से नहीं, बल्कि एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ें - चिराग पासवान अब सिर्फ.एक समुदाय की नहीं, पूरे बिहार की उम्मीद हैं। हालांकि चिराग पासवान ने अभी तक विधानसभा चुनाव में उतरने के अपने इरादे की पुष्टि नहीं की है, लेकिन एलजेपी के संदेश से यह पता चलता है कि उन्हें राज्यव्यापी नेता के रूप में फिर से स्थापित करने की महत्वाकांक्षा है जो किसी भी सीट से चुनाव लड़ने में सक्षम है, न कि केवल अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित सीटों से।

## जानकी जन्मभूमि पंच तीर्थ स्थल विकास के लिए राष्ट्रपति को भेजा जाएगा आवेदन : आग्नेय

**पटना, 01 जून (तरूणमित्र)।** सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्रा के निदेशक आग्नेय कुमार ने रविवार को बातचीत में बताया कि जानकी जन्मभूमि पंच तीर्थ स्थल विकास के लिए राष्ट्रपति महोदय के नाम हस्ताक्षरयुक्त आवेदन जिलाधिकारी सीतामढ़ी के माध्यम से इसी माह के आखिरी सप्ताह में भेजा जाएगा।

आग्नेय कुमार ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्याधाम की तरह माता सीता की जन्मभूमि पुनौराधाम, सीतामढ़ी, बिहार समेत त्रेतायुग के पंच तीर्थ स्थल श्री पुंडरीक आश्रम पुनौराधाम, जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम, श्री रजत द्वार जानकी मंदिर सीतामढ़ी धाम, श्री जनक जी द्वारा पूजित श्री हलेश्वर नाथ धाम और प्रभु श्री राम एवं माता सीता डोली स्थल पंथपाकर धाम का संपूर्ण विकास की मांग की गई है। इन सबके साथ ही सीता कॉरिडोर, सीता धर्मशाला और स्टेशन से सीता प्राकट्य भूमि मार्ग को सीता पथ के रूप में विकसित करने की मांग भी है। आग्नेय कुमार ने कहा कि खंडहर हो रहे अनेक मंदिर, जो धार्मिक न्यास बोर्ड के अधीन हैं, अतिक्रमणयुक्त हैं, उनको संरक्षित, संवर्धित और पुनर्निर्माण करना धार्मिक न्यास बोर्ड का काम है, जिसपर संज्ञान लेना चाहिए।

क्योंकि चार प्रतिशत टैक्स साधु-संत से मंदिर संपति पर सरकार लेती है। सीता माता की जन्मभूमि का सर्वांगीण विकास इसलिए जरूरी है, क्योंकि यहां धरती माता की गोद से माता सीता प्रकट हुई हैं। इस नाते माता सीता मिथिला भाव से धरती माता सबकी माता हैं, तो सीता सबकी बहन भी हैं। पाहुन राम की जन्मभूमि का विकास हो गया है, तो माता सीता की जन्मभूमि पुनौराधाम को महाशक्तिपीठ घोषित कर इसका सर्वांगीण विकास होना चाहिए।

## कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को मिला प्रशिक्षण

**नालंदा, बिहारशरीफ, 01 जून (तरूणमित्र)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड के कैला पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय रामचक में रविवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में किसानों को नवीन कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ताकि वे वैज्ञानिक तरीकों से खेती कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. विद्या शंकर सिंह, कुमारी विभा रानी, अभिषेक आनंद, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, प्रशिक्षु प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्वेता कुमारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार, सहायक प्रखंड तकनीकी प्रबंधक प्रवीण पांडेय समेत कई कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मार्गदर्शन दिया। मौके पर उप मुखिया जितेन्द्र प्रसाद, किसान प्रतिनिधि अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में किसानों ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# शिक्षा का विकास से ही संभव है समृद्ध समाज का निर्माण : श्रवण कुमार



**नवादा, 01 जून (तरूणमित्र)।** नवादा जिले के अकबरपुर थाने के पयजुना गांव में रविवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मैं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही समृद्ध समाज का निर्माण संभव है इसके लिए ग्रामीणों को सजकता से कम करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के मेरुदंड है शिक्षक अभिभावक छात्र मिलकर बेहतर शिक्षा को बढ़ावा देकर उन्नत समाज की स्थापना कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा में जागरूकता के लिए नीतीश सरकार ने बिहार में व्यापक कार्य किए हैं जो निश्चित तौर पर ऐतिहासिक कहा जाएगा उन्होंने कहा कि आजादी के बाद शिक्षा के विकास के लिए कोई खास काम नहीं हुए थे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही सरकार ने कन्या साइकिल योजना से लेकर कई योजनाएं चलाकर शैक्षणिक व्यवस्था को समृद्ध बनाया है जिसका आज जीता जागता उदाहरण है कि समाज में बेटियां भी बढ़-चढ़कर पढ़ाई में हिस्सा ले रही है।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन में इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें ज्ञान, कौशल और समझ प्रदान करती है। यह हमें अपने आसपास की दुनिया को समझने और उसमें सफल होने में मदद करती है। शिक्षा हमें दुनिया के बारे में ज्ञान और समझ प्रदान करती है। यह हमें विभिन्न विषयों और मुद्दों के बारे में जानने में मदद करती है। सभा को संबोधित करते हुए प्रखर भाजपा नेत्री जिला पार्षद विनीत मेहता ने कहा कि शैक्षणिक विकास से ही संसार में बदलाव संभव है जिसके लिए बिहार सरकार बेहतर कार्य कर रही है।

# अवैध रूप से संचालित मीट दुकान को बंद करवाने की मांग




**अररिया, 01 जून (तरूणमित्र)।** फारबिसगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 11 में सड़क के किनारे दुकान में अवैध रूप से संचालित मीट दुकान को बंद किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया।

करीबन तीन दर्जन हस्ताक्षरित आवेदन में बताया गया कि वार्ड संख्या 11 में भागकोहलिया निवास मो.अफरोज आलम पिता शाहिद आलम के द्वारा अवैध रूप।से मीट दुकान का संचालन करते हैं।खुले तौर पर दुकान के बाहर बकरा को लटकाकर मीट की बिक्री की जाती है। जबकि रेलवे स्टेशन से बड़ा शिवालय जाने वाले बीचों बीच मार्ग में अवस्थित यह अवैध दुकान धार्मिक भावनाओं को आहत करती है। बगल में शिव मंदिर,खाटू श्याम मंदिर, गोदना ठाकुरबाड़ी मंदिर सहित छोटे छोटे बच्चों के विद्यालय हैं। महीनों में कई बार मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें महिलाएं भी बढ़ चढकर हिस्सा लेती है।अगल बगल के दुकानों में बकरा को मारकर लटकाए जाने से दुर्गंध चारों ओर फैलता है, जिससे स्थानीय दुकानदारों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चों के मनोदशा और स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

हस्ताक्षरित स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने आवेदन में बताया कि पूर्व में मौखिक सूचन पर इसे बंद कराया गया था। लेकिन पुनः दुकानदार द्वारा इसे शुरू कर दिया गया है। लोगों ने तत्क्षण अवैध रूप से संचालित मीट दुकान को बंद किए जाने की मांग नप के ईओ से की है। आवेदन की कॉपी डीएम,एसपी और एसडीएम को भी दी गई है। आवेदन देने वाले हस्ताक्षरित लोगों में दिलीप गुप्ता, संतोष यादव,देवेश कुमार गुप्ता, दीपक कुमार,सूरज गुप्ता, कृष्णमोहन राउत,हर्ष भगत,रवि कुमार, लालू खटीक,पवन शर्मा गुड्डू अग्रवाल, गोदना ठाकुरबाड़ी के महंत पंडित सुरेश शर्मा उर्फ भूलन बाबा, हरीश गोयल, विवेक कुमार, कुमार शानू, आलोक कुमार, बिजेंद्र ठाकुर, मनोज जायसवाल, मुकेश कुमार, अशोक कुमार भगत, बबलू जायसवाल, दिलीप केशरी आदि प्रमुख हैं।

## भाजपा प्रदेश कमिटी में ब्राह्मणों को पदाधिकारी नहीं बनाने पर ब्राह्मण फेडरेशन ने जताई नाराजगी

**अररिया, 01 जून (तरूणमित्र)।** सीमांचल क्षेत्र से भाजपा प्रदेश कमिटी में ब्राह्मणों को पदाधिकारी नहीं बनाने पर बिहार ब्राह्मण फेडरेशन ने नाराजगी जाहिर की। आल बिहार ब्राह्मण फेडरेशन के जिलाध्यक्ष सुबोध मोहन ठाकुर ने भाजपा प्रदेश कमेटी की घोषणा के बाद सीमांचल क्षेत्र में एक भी ब्राह्मण को जगह नहीं देने पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। जिलाध्यक्ष सुबोध मोहन ठाकुर ने कहा कि पूरे सीमांचल क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का एक भी ब्राह्मण न विधायक है, न सांसद और न विधान परिषद सदस्य है।

इस परिस्थिति में पार्टी द्वारा पदाधिकारी भी नहीं बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है, पूरे सीमांचल क्षेत्र में लगभग सभी जिले में डेढ़ दो लाख से अधिक ब्राह्मणों की संख्या है सभी ब्राह्मण भारतीय जनता पार्टी को वोट देती है, लेकिन जब पार्टी द्वारा कमिटी गठित की जाती है तो इस क्षेत्र से ब्राह्मणों को उपेक्षित किया जाता है। पार्टी नेतृत्व को इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा में अब सभी ब्राह्मण सजक और जागरूक हो चुके हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 02 जून 2025
विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष- सप्तमी

## खतरनाक मोड़ में संक्रमण

कोविड की तेजी से बढ़ती रफ़्तार देश के लिए एक बार फिर चिंता का कारण बन गई है। 1 जून को स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 3,783 तक पहुंच गई है और यह दर इसी रफ़्तार से बढ़ती रही तो बहुत जल्द 10000 का आंकड़ा भी छू सकती है। चिंताजनक बात ये है कि केवल कोविड संक्रमितों की रफ़्तार ही नहीं बढ़ रही है बल्कि कोविड से मौतों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है और 1 जून तक ये 28 का आंकड़ा छू चुकी है जिनमें से 21 मौतें सिर्फ दो दिन में हुई हैं। बेंगलुरु में एक 63 साल के व्यक्ति की मौत हुई है, जिसे वैक्सीन और बूस्टर डोज दोनों लग चुके थे। इसी तरह दिल्ली और केरल से भी बुजुर्गों की जान जाने की खबर आई है। उप्र के नोएडा में भी एक मौत संक्रमण से हो चुकी है। महाराष्ट्र और केरल दोनों में अब तक 7-7 लोगों की मौत हो चुकी है। कोविड के सर्वाधिक मामले अब भी सबसे ज्यादा केरल से सामने आ रहे हैं, जहां 1,400 लोग संक्रमित हैं जबकि महाराष्ट्र में 485, दिल्ली में 436, गुजरात में 320 और पश्चिम बंगाल में 287 एक्टिव केस हैं। सिर्फ बीते 48 घंटों में 1,000 से ज्यादा नए मरीज मिले हैं। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर की ओर से निरन्तर ये कहा जा रहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। कोविड के ताजा वैरिएंट अधिक खतरनाक नहीं है लेकिन यह भी साथ में कहा जा रहा है कि जो लोग कोविड 19 के समय टीके लगवा चुके हैं उन्हें भी कोविड के नये वैरिएंट से खतरा है। आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट में भारत में कोविड के चार नए वैरिएंट LF.7, XFG, JN.1 और NB.1.8.1 सामने आए हैं। बाकी दुनिया की तरह भारत में भी JN.1 अभी सबसे ज्यादा फैलने वाला वैरिएंट है, जो कुल टेस्टिंग में 50% से ज्यादा मामलों में पाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इन वैरिएंट्स को अभी खतरनाक तो नहीं माना है लेकिन निगरानी की श्रेणी में रखा है। लेकिन ये ध्यान रखने की जरुरत है कि कोविड 19 के समय भी स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसी तरह की तजवीजें जारी की थी और अचानक कोविड संक्रमितों की संख्या हजार और फिर लाखों में पहुँचते ही हाथ खड़े कर दिए थे। बहरहाल, ये बात इसलिए कही जा रही है कि नागरिक नये वैरिएंट के प्रति उदासीन न रहें। नए वेरिएंट्स के कारण संक्रमण के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे सरकार और स्वास्थ्य विभाग सतर्क हैं पर यह सतर्कता निजी स्तर पर भी बरती जाना जरुरी है। jn -1 के अतिरिक्त इस बार NB.1.8.1 और LF.7 जैसे नए ओमिक्रॉन सबवेरिएंट्स के कारण संक्रमण तेजी से फैल रहा है। NB.1.8.1 वेरिएंट पहली बार चीन में पाया गया था और अब यह भारत सहित अमेरिका, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया में भी फैल चुका है। इस वेरिएंट की खासियत इसकी तेजी से फैलने की क्षमता है, हालांकि इसके लक्षण ज्यादातर मामलों में हल्के ही हैं। फिर भी देशवासियों को सतर्कता बरते जाने की जरुरत बार-बार कही जा रही है। खासकर, बुजुर्गों, बच्चों और फेफड़ों की बीमारियों से पूर्व में पीड़ित मरीजों का तो खास ध्यान रखा जाना जरुरी है। डब्लूएचओ ने इस नए वेरिएंट को 'वेरिएंट अंडर मॉनिटरिंग' की श्रेणी में रखा है, और यात्रा की योजना बना रहे लोगों के लिए निर्देश दिए हैं कि वे यात्रा पर जाना जरुरी ही समझते हैं तो पहले खुद को और फिर दूसरों को सुरक्षित रखें।

## घर में है बवाल !


कृष्णेन्द्र राय

उथल पुथल है मचा ।
घर में है बवाल ।।
सिलसिला है जारी ।
जनता करे सवाल ।।
घटित जो स्वाभाविक ।
क्या इसमें कुछ चाल ?
दाल में कुछ काला ।
या काली ही दाल ?
है चुनावी बेला ।
घूम रहे हैं प्रश्न ।
है सचमुच तकलीफ ?
या पूरा ही जश्न ।।
लेता कोई मजे ।
दिखते कुछ गंभीर ।।
इधर उधर से लेकिन ।
चल रहे हैं तीर ।।

### सूडोकु नवताल- 7448

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7447 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# सैन्य पराक्रम को ले की जाने वाली राजनीति हो सकती घातक


तनवीर जाफरी

**पहलगाम में हुये पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किये गये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है।**

निश्चित रूप से हमारे सैनिकों खासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊँचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औकात को समझ चुका है। परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल जरूर उठाये जा रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किये जा रहे हैं। उधर भारत की तरफ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य जिम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुनः शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं। और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आँखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिये हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गयी अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं।



पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुये स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया और साफ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत करते वक़्त ही हमें पता होता है कि ये सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि - मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब वायुसेना मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है।

दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलायी गयी अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फायदे गिनाने में लगी है। परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिये चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71% पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हजार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थायी समिति को दी गयी जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद खाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गयी थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए 'अग्निवीर' के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25% अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थायी रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को 'सेवा निधि पैकेज' के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपये और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किये जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।

इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर जोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थायी सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य जरूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन यह स्थायी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्येक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80% की कमी देखी गई।

लिहाजा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाये सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाये और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाये क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है। ऐसे में सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति घातक साबित हो सकती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# 'आपरेशन सिंदूर' के बाद 'आपरेशन बंगाल' की चुनौती


भविष्य की आहट
डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश की राजनीति निम्न स्तर की चरम सीमा पर पहुंचती जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर भी लोकप्रियता की ऊंचाइयां पाने की मंशा में पागल हो चुके चन्द राजनेताओं ने अपनी भाषा, हावभाव और आचरण से देश की अस्मिता को तार-तार करना शुरू कर दिया है।

'आपरेशन सिंदूर' तक पर विपक्षी दलों ने मनमाने आरोप लगाना शुरू कर दिये हैं। प्रमाणिकता की परिधि से कहीं दूर जाकर सोशल मीडिया पर उत्तेजनात्मक संवाद, दृश्य और दृष्टान्त डलवाये जा रहे हैं ताकि सामाजिक एकरसता को विभाजित करके चौधरी बना जा सके। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निजी जिन्दगी तक को निशाने पर लिया और सेना के पराक्रम पर केन्द्रित 'आपरेशन सिंदूर' की तर्ज पर 'आपरेशन बंगाल' करने की चुनौती तक दे डाली। अतिगम्भीर आरोपियों का पक्ष लेकर राज्य सरकार ने संदेशखाली में महिलाओं का यौन शोषण, जबरन वसूली, जमीन हड़पने जैसे आपराधिक कृत्यों के आरोपियों को कथित रूप से बचाने हेतु उच्चतम न्यायालय तक के दरवाजे पर दस्तक तक दी थी। राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत की गई याचिका पर सवालिया निशान लगाते हुए जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की बेंच ने पश्चिम बंगाल सरकार के वकील अभिषेक सिंहवी से पूछा था कि एफआईआर चार साल पहले दर्ज की गई थी। आरोपी कौन है? गिरफ्तारियां कब की गईं? किसी को बचाने में राज्य सरकार की दिलचस्पी क्यों होना चाहिए? उल्लेखनीय है कि संदेशखाली काण्ड में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख, शिबू हाजरा, उत्तम सरदार, रंजू, संजू सहित अन्य लोगों के नाम उभर कर सामने आये थे। केन्द्रीय एजेन्सियों के कामों में दखल देने से लेकर राज्यपाल की गरिमा तक को प्रभावित करने वाली पार्टी की तानाशाही के सामने देश का संविधान जार-जार आंसू रोता रहा है। मुर्शिदाबाद में 70 प्रतिशत से अधिक पहुंच चुकी मुस्लिम आबादी ने अब वहां जेहादी परचम फहराना शुरू कर दिया है। कश्मीरी हिन्दुओं की तर्ज पर गैर मुस्लिम समुदाय को क्षेत्र छोड़ने की धमकी दी जा रही है।

पश्चिम बंगाल उच्च न्यायालय द्वारा गठित जांच समिति ने मुर्शीदाबाद काण्ड के लिए ममता सरकार को पूरी तरह कटघरे में खड़ा कर दिया हैं। जांच आख्या में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं व्दारा दंगा भड़काने तथा नेतृत्व करने, स्थानीय प्रशासन व्दारा निष्क्रियता बरतने, केवल हिन्दुओं को निशाना बनाने, पुलिस द्वारा जानबूझकर उपेक्षा करने जैसे अनेक खुलासे किये गये हैं। वहां के राज्यपाल सी. वी. आनन्द बोस ने गृह मंत्रालय को भेजी अपनी रिपोर्ट में तो कट्टरपंथ और उग्रवाद को प्रदेश के लिए बड़ा खतरा बताते हुए बंगलादेश की सीमा पर स्थित मुशीर्दाबाद, दिनाजपुर और मालदा जिलों में अल्पसंख्यक हो चुके हिन्दुओं की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह अंकित किये हैं। मुशीर्दाबाद का पूरा घटनाक्रम पहले से निर्धारित षडयंत्र की व्यवहारिक परिणति थी। मालूम हो कि इसी क्षेत्र में 14 दिसम्बर 2019 में सीएए के विरोध में रेलवे स्टेशन, बसों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, हिन्दुओं की दुकानों-मकानों-वाहनों तक में तोड़फोड़-लूटपाट की गई थी। लालगोला और कृष्णापुर स्टेशन पर 5 ट्रेनों में आग लगा दी गई थी। सूती में पटरियां तोड दी गईं थी। उस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मियों पर मूकदर्शक बने रहने के आरोप लगाये गये थे। सन 2024 में रामनवमी उत्सव के दौरान मुर्शीदाबाद के शक्तिपुर क्षेत्र में हिंसा भड़की थी। जुलूस पर छतों से पत्थरों के प्रहार किये गये थे। बंगाल का नार्थ 24 परगना, कोलकता, हावडा, साउथ 24 परगना, मालदा, मुर्शीदांबाद जैसे अनेक जिले मुस्लिम बाहुल्य हो गये हैं।

गैर मुसलमानों को निरंतर प्रताड़ित किया जा रहा हैं। कहा जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में असोमोयेर अलोर बाटी तथा गोल्डन स्टार ग्रुप जैसे संगठन बनाकर राजेश शेख, बशीर शेख, महबूब आलम, कौसर तथा मुस्तकिन जैसे असामाजिक तत्व तृणमूल कांग्रेस के नेता बनकर सरकारी संरक्षण में सिमी, पीएफआई आदि प्रतिबंधित संगठनों के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। ब्लड डोनेशन कैम्प, कल्याणकारी योजना, लाचारों की सहायता, जरूरतमंदों को सामग्री की आपूर्ति जैसे दिखावटी आयोजनों से कट्टपंथी विचारधारा वालों को चयनित कर-के उन्हें देशद्रोही अभियान में झोंका जा रहा है। समूचे देश में सीमापार से चलाये जा रहे खतरनाक षडयंत्रों को यदि समय रहते नेस्तनाबूद नहीं किया गया तो आन्तरिक कलह की संभावना बढ़ते समय के साथ बलवती होती चली जायेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# नीचता, गलीचता से महानता तक...


पवन सिंह

घटिया, नीच और गलीच...की भी अपनी महानता के उच्च मापदंड हुआ करते हैं। जब दौर ही सोच से गलीचों व नीचों का चल रहा हो तो उसमें भाषा में ॠप्रेमॠ और 'तर्क' खोजे तो खोजे कौन? मूर्खता की प्रचंडता के इस स्वर्णिम बेला में हर एक 'सीवेज चिंतन' वाला जब भी मुंह खोलेगा तो आपको ऐसा एहसास होगा मानों किसी सफाईकर्मी ने बहुत दिनों से मानव मल-मूत्र से जाम सीवेज का ढक्कन 'प्रेम के शुक्ल पक्ष' में खोल दिया हो। ऐसा 'प्रेममयी मुंह' और उससे 'रिसती मवादीय भाषा' ताजा मानवीय मल की तरह चैनलों के स्टूडियो से निकल कर पूरे वातावरण में लगभग हर रोज शाम को एक निश्चित एजेंडा के तरह फैलाई जा रही है।

प्राइम टाइम के वक्त लश्कर-ए-मीडिया के 'भाषाई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट' बंद रहते हैं। समूचे गोबरपट्टी या गोबरालैंड को रोज ऐसे ही भाषाई लंपटों की लंपटई के हवाले कर दिया जाता है। इस लंपटई, उठाईगिरी और उठाईगीरों की फौज को खड़ा करने में कई सालों की मेहनत और अथाह पैसा लगा है। लंपटई में किया गया यह निवेश अब जाकर फल दे रहा है। पूरे गोबरालैंड के समाज के भीतर फर्जी राष्ट्रवाद, फर्जी ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक नफरतों का ऐसा सैलाब आया हुआ है कि जैसे ही तथ्यान्वेषण होना आरंभ होता है तुरंत ॠप्रेममयीॠ भाषा में जवाब आ जाता है।

हमने सत्ता के लिए जाने-अनजाने, समाज के भीतर इतना विष घोल दिया है कि वह अब भयावह रूप में प्रगट हो रहा है... कहीं किसी न्यायालय परिसर में मूर्तियों की स्थापना को लेकर दो धड़े आमने-सामने आते हैं तो कहीं घोड़े से दलित को उतार कर उसकी पिटाई कर दी जा रही है, कहीं निम्न वर्ग द्वारा डीजे बजाने को लेकर हमले हो रहे हैं तो कहीं सत्ता प्रशासन मात्र इसलिए बुल्डोजर न्याय कर रहा है क्योंकि वहां एक धर्म विशेष के लोग ज्यादा हैं। कोई सवाल नहीं कि, सालों-साल इन तथाकथित अवैध बस्तियों को बिजली व पानी कनेक्शन कैसे मिलता रहा? राशन कार्ड कैसे बनते रहे? हाउस टैक्स क्यों लिए जाते रहे? कांधे पर स्टार बढ़वाने, मलाईदार पोस्टिंग पाने और प्रमोशन की लालसा इतनी 'प्रेममयी' भाषा की तरह हो जाएगी कि न्याय, मानवीय संवेदनाओं और सरोकारों का भी कोई हिस्सा जीवित न रह पायेगा?

जैसे ही सत्ता समर्थित छिछलेदार चीकट 'प्रेममयी' किसी व्यक्ति से आप तार्किकता पर आते हैं, वह असहज और असहाय सा हो उठता है। क्योंकि जब बर्तन में कुछ नहीं होता तो वह आवाज बहुत करता है। विगत दो दशकों में 'भाषाई फूहड़ आतंकवादियों' का एक पूरा गिरोह तैयार किया गया है और यह पूरा का पूरा गिरोह विशुद्ध रूप से अनपढ़ों और गंवारों का है। चूंकि इनके पास तथ्यात्मक रूप से कुछ होता नहीं है इसलिए जैसे ही फंसते हैं ये गटर खोलते हैं। इनके पास इसका कोई जवाब नहीं है कि इनके एक खास गैर राजनीतिक संगठन ने आजादी की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी? ये संगठन हिन्दू हित की बात तो खूब करता है लेकिन उसकी वेशभूषा आज तक विदेशी क्यों है? सुभाषचन्द्र बोस जब आजाद हिन्द सेना का गठन कर रहे थे, तब इस संगठन ने भारतीय युवाओं को सेना में शामिल होने से क्यों रोका ? इनके एक 'बहादुरकर' ने अंग्रेजों को 6 माफीनामे क्यों लिखे? जबकि उसी जेल में 436 लोग और थे.. सिर्फ इन्होंने ही क्यों माफीनामे लिखे? ऐसी क्या आफत थी? 'प्रेमभाषा' से अगर यह सवाल किया जाए कि 1925 में प्रथम अधिवेशन में द्विराष्ट्रवाद के सिद्धान्त (१) हिन्दू राष्ट्र (२) मुस्लिम राष्ट्र का प्रस्ताव क्यों पारित किया गया, जबकि इनका मानस संघटन आज अखंड भारत की बात करता है। वर्ष 1942 में असहयोग आंदोलन का मानस संघटन ने बहिष्कार क्यों किया? मानस संगठन का यह पत्र सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है जिससे आज की पीढ़ी इनके सच को जान सके। गांधी जी इतना क्यों चुभते थे कि उनकी हत्या के पांच असफल प्रयास किये गये? मानस संगठन के 'प्रथम अगुवा' ने हिंदुओं से यह अपील क्यों की कि वे अपनी ताकत का इस्तेमाल अंगेजों के खिलाफ न करते हुए देश में मुस्लिम, क्रिश्चियन और दलितों के खिलाफ करें..? 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ तब मानस संगठन के लोगों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को अपने पैरों तले क्यों कुचला? क्रान्तिकारी लीलाधर वाजपेयी के खिलाफ गवाही किसने दी? जिससे उन्हें 2 साल का कठोर कारावास हुआ। मानस संगठन और इससे उपजे दल ने पिछड़े, दलित, आदवासियों के नासिक स्थित काला राम मंदिर में प्रवेश मुद्दे पर डॉ. आंबेडकर का जबरदस्त विरोध क्यों किया ? साल, 1925 से 1947 के बीच वन्देमातरम्‌ का नारा लगाने से परहेज क्यों रहा? मानस संगठन के प्रमुख कभी दलित, आदिवासी या पिछड़ा वर्ग से क्यों नहीं बने? ये हिंदू हैं भी या काम चलाऊ हैं? नागपुर में तिरंगा फहराने पर तीन युवाओं के खिलाफ एफआईआर क्यों? इन सवालों के जवाब जाहिर है 'प्रेमो टाइप्स' चेपुओं के पास नहीं हैं...!

आइए वर्तमान में ही आ जाएं तर्कों के साथ...यहां भी कोई सार्थक जवाब नहीं है सिवाय तेरी मां..तेरी चाची..तेरी बहन जी के अलावा... भारत के व्यापार को चीन खा गया क्या किया सरकार ने? चीन एक ऐसा देश है जो भारत से अरबों डॉलर का व्यवहार करता है लेकिन पालता-पोसता पाकिस्तान को है। आश्चर्य है कि भारत की चीन से ऐसी क्या एंडी फंसी है कि सब कुछ लुटा के भी होश में न आया जा रहा है। यह कौन सी मोहब्बत है जो लुट रही है लेकिन उफ तक न कर रही है। चीन से भारत का आयात लगातार बढ़ रहा है, एक रिपोर्ट के अनुसार, जिसमें 2023-24 में 101.73 बिलियन डॉलर का आयात हुआ था, जो 2022-23 के मुकाबले 3.28% अधिक है. भारत ने 2024-25 में रिकॉर्ड 113.45 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो कि पिछले साल की तुलना में 11.52% अधिक है। है कोई जवाब या वही एक 'प्रेमामयी' शब्द है तेरी।

'चाल, चरित्र और चिंतन' के सड़क छाप टपोरी प्रवक्ताओं के पास दरअसल न तथ्य हैं न कथ्य हैं..सिवाय नफरत और झूठ के खांचों के सिवाए... पिछले एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थो की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे? नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30% से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे? रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों? राफेल मंहगा क्यों खरीदा गया? फ्रांस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की? गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है..यह बहुत बड़ा खतरा है.. इस पर खामोशी क्यों? सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है? 'एक पेड़ मां के नाम' का फ्राड और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ? बेरोजगारी चरम पर क्यों? 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं? मंहगाई पर लगाम क्यों नहीं? शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है? हर ओर निजीकरण क्यों? 32 गुजराती देश की बैंकों का अरबों-खरबों लेकर आराम से कैसे भागे? सरदार पटेल और भगत सिंह के भाषणों को तोड़कर, उसमें मिलावट कर झूठ परोसने वाले...सच से असहज होकर सीधे तेरी मां... तेरी चाची... तेरी बहन... की 'प्रेमकथा' वाचन करने वाले बौद्धिक स्तर पर कितने खोखले हैं कि जब भी मुंह खोलते हैं कोयल और कौवे का फर्क समझ आ जाता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेषः** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृषः** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**मिथुनः** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**कर्कः** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंहः** पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्याः** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुलाः** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा।

**वृश्चिकः** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनुः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकरः** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**कुंभः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा होगा।

**मीनः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# अपने बच्चों के भविष्य और उनके रोजगार के लिए वोट करें : प्रशांत

हरसिद्धि, 01 जून (तरूणमित्र)। प्रखंड क्षेत्र के मटियरिया कांटा स्थित हाई स्कूल के मैदान में रविवार को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सभा को संबोधित किया। प्रशांत किशोर ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि बिहार की जनता 5 किलो अनाज के लिए नहीं बल्कि अपने बच्चों के रोजगार एवं उनके भविष्य के लिए वोट करें।उन्होंने कहा कि हम यहां की जनता को जगाने आए हैं जो अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करें।उन्होंने कहा कि जनता कहती है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 56 इंच का सीना है, लेकिन जनता यह नहीं देखती कि महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का शिकार होकर उनके बच्चों का सीना सिकुड़ कर 15 इंच का हो गया है। उन्होंने कहा कि जनता खुश है कि उन्हें 5 किलो अनाज मिल रहा है। घर-घर सिलेंडर मिल रहा है। बिजली मिल रही है, लेकिन वह यह नहीं देखती कि सिलेंडर, बिजली कितनी महंगी है और उनके बच्चों को पढ़ाई और रोजगार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि आपको अपने बच्चों की चिंता करनी है, लेकिन आप अपने बच्चों की चिंता नहीं करते बल्कि सरकार के बच्चों की चिंता करते हैं।

लालू प्रसाद के पुत्र नवमी पास है, लेकिन लालू प्रसाद चाहते हैं कि उनका बेटा बिहार का राजा बने बल्कि ही जनता का बेटा बेरोजगार रहे। उन्होंने कहा कि मोदी जी बिहार से वोट लेते हैं और फैक्ट्री गुजरात में स्थापित करते हैं और बिहार का बेटा



गुजरात में जाकर उनकी फैक्ट्री में मजदूरी करता है।

जब वोट बिहार से लेते हैं तो फैक्ट्री भी बिहार में स्थापित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप जाति धर्म के नाम पर वोट नहीं करें।अनाज के लिए वोट नहीं करें बल्कि अपने बच्चों के भविष्य करने के लिए वोट करें। उन्होंने कहा कि बिहार की बदहाली की अंतिम विदाई अगले चुनाव में हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता का सुंदर राज होगा। दिसंबर 2025 में वृद्धावस्था पेंशन 400 रुपया प्रति माह मिलता था वह दिसंबर 25 में 2000 हो जाएगा। वहीं बिहार में फैक्ट्री लगेगी और बिहार की जनता बिहार में काम करेगी। उन्होंने कहा नीतीश सरकार हो या लाल की सरकार या मोदी की सरकार सबने जनता को लूटने का काम किया है। अब बिहार की जनता जागरूक हो जाए और लूटने से बच्चे। उन्होंने कहा कि मुझे मुख्यमंत्री बनने की लालसा नहीं है। आप सभी जन स्वराज की सरकार बनाएं आपका सेव करेगा।

इसके लिए आप सभी संकल्प लें कार्यक्रम की अध्यक्षता अरेराज अनुमंडल अध्यक्ष अवध तिवारी ने किया ,मंच संचालन जिला मुख्य प्रवक्ता अभय कुमार ने किया।

# तिरहुत प्रमंडल में नवाचारी शिक्षकों का सम्मान

मोतिहारी पु.च.,01 जून (तरूणमित्र)। रविवार को बिहार के सरकारी विद्यालयों में नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में मेरा मोबाइल मेरी शिक्षा–फेसबुक मंच के द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। इसी क्रम में आज मोतिहारी के जिला परिषद सभागार में तिरहुत प्रमंडल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ।

इस समारोह में तिरहुत प्रमंडल के सभी छह जिलों से चयनित लगभग 250 नवाचारी शिक्षकों को उनके ऑनलाइन नवाचार शिक्षण प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इन शिक्षकों ने पारंपरिक पढ़ाई से हटकर खेल-खेल में शिक्षा, डिजिटल संसाधनों का प्रयोग, और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम




से बच्चों में जिज्ञासा और सृजनशीलता को बढ़ावा देने जैसे सराहनीय प्रयास किए हैं।

शिक्षा को प्रभावी, रुचिकर और समग्र विकासोन्मुखी बनाने में इनकी भूमिका प्रशंसनीय रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे मुख्य अतिथि ममता राय (जिला परिषद अध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि प्रीति कुमारी (मेयर), ईश्वर चंद्र मिश्रा (अध्यक्ष, जिला परिषद शैक्षणिक समिति), नित्यम गौरव (जिला कार्यक्रम पदाधिकारी), और व्याख्याता संजय तिवारी, उमेश कुमार गुप्ता, मंजू कुमारी, तथा विजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से किया।

# हथियार का भय दिखाकर लूट की घटना हुई झूठी साबित

हरसिद्धि,01 जून (तरूणमित्र)। थाना क्षेत्र के कुबरा पकड़िया के सरेह में गाड़ी लूट की घटना झूठी साबित हुई है। झूठी प्राथमिकी दर्ज कराने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गोइठाहा गांव निवासी रविन्द्र प्रसाद ने 19 मई 2025 को थाना में आवेदन दिया था ।

उसमें उन्होंने बताया था कि 18 मई की रात तीन लोगों ने हथियार का भय दिखाकर उनकी होंडा डब्लू आर वी गाड़ी लूट ली। गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर-05 ए एच 1888 है। इसको लेकर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए



पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम गठित की। टीम ने तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। जांच में लूट की घटना झूठी पाई गई। पुलिस ने रविन्द्र प्रसाद से पूछताछ की। पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने कार लोन सेटलमेंट के लिए झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रविन्द्र प्रसाद की होंडा डब्लू आर वी गाड़ी बरामद कर ली है। अब उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गोइठाहा गांव निवासी अभिमन्यु प्रसाद के पुत्र रविन्द्र प्रसाद है। जांच टीम में थानाध्यक्ष सर्वेन्द्र कुमार सिन्हा, अपर थानाध्यक्ष मनीष राज, राजीव रंजन, अविनाश कुमार और सशस्त्र बल शामिल थे।

# शिक्षक राष्ट्र के प्रहरी तो बच्चे राष्ट्र के धरोहर : अशोक

रामगढ़वा चंपारण,01 जून (तरूणमित्र)। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। सेवाकाल में रहते हुए वह बच्चों को शिक्षा देते हैं। वहीं सेवानिवृत्ति बाद अपने अनुभवों के आधार पर समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं शिक्षक। उक्त बातें शिक्षक विदाई समारोह को संबोधित करते हुए सीआरसीसी सह प्रधान शिक्षक अशोक कुमार मिश्र ने प्राथमिक विद्यालय चिकनी में शनिवार को आयोजित शिक्षक विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कही। शिक्षक मोहन साह ,मनोज कुमार झा की सेवानिवृत्ति पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे जहां राष्ट्र की धरोहर हैं, वहीं शिक्षक राष्ट्र के प्रहरी। वरीय शिक्षक जय प्रकाश राम ने कहा कि सेवाकाल में रहते हुए शिक्षक समाज का दर्पण होता है। भविष्य की



नई राह दिखाने वालों को शिक्षक कहते हैं।सीआरसीसी अशोक मिश्र ने सेवानिवृत होने वाले शिक्षक मोहन साह व मनोज कुमार झा के क्रियाकलापों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विदाई जा रहे शिक्षक के क्रियाकलापों से अन्य शिक्षक और छात्रों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापिका पारस हजरा ने जबकि मंच संचालन शिक्षक विनीत कुमार ने किया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकद्वय को विद्यालय परिवार की ओर से अंगवस्त्र पाग, चादर, रामायण की पुस्तक व फूलमाला से सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक उमेश कुमार,पैक्स अध्यक्ष मुकेश ओझा,धनन्जय प्रसाद,रेयाज आलम, वार्ड सदस्य राम दयाल पासवान,राम इकबाल, अरविंद पटेल सहित चंद्रभूषण सिंह आदि उपस्थित थे।

# चिकित्सकों ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्कूली छात्रों को किया जागरूक

सासाराम, 01 जून (तरूणमित्र)। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा रोहतास जिले के उत्क्रमित गोवर्धनपुर उच्च विद्यालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक किया गया ।

इस वर्ष के थीम अपील का पदार्फाश : तंबाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योगों की रणनीति को उजागर करना विषय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को जानकारी प्रदान की गई ।इस दौरान पोस्टर प्रस्तुतीकरण ,क्विज प्रतियोगिता एवं व्याख्यान के माध्यम से विद्यालय में पढ़ने वाले युवा छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से बताया गया कि तंबाकू और निकोटिन उद्योगों द्वारा अपने हानिकारक उत्पादों को विशेष रूप से युवाओं को आकर्षित करने के लिए जो रणनीति बनाई गई है उस पर सावधान रहें .शनिवार प्रात 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक कक्षा 9 एवं 10 के लगभग 150 छात्र छात्राओं ने तंबाकू के खतरों को उजागर करने और उद्योग की भ्रामक रणनीतियों को सामने लाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं नारायण मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग का सहयोग रहा । कार्यक्रम का नेतृत्व कम्युनिटी मेडिसिन के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर नीपेंद्र आनंद ने किया। इस कार्यक्रम में विभाग के अन्य चिकित्सक डॉ राहुल चंद्रा, डॉक्टर श्वेता सुमन, डॉक्टर भारत और डॉक्टर एन के जोशी उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर ,टीवी एवं अन्य फेफड़ों को बीमारियों का प्रति जागरूक करना था ।

# के.एम. हॉस्पिटल में डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन



मोतिहारी पु.च., 01 जून (तरूणमित्र)।रोटरी मोतिहारी लेक टाउन क्लब द्वारा शनिवार को शहर के के.एम. हॉस्पिटल में डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के गवर्नर विपिन चाचान, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव कुमार ठाकुर एवं 2027-28 के नामित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मुकेश तनेजा की उपस्थिति में संयुक्त रूप से सेंटर का उद्घाटन हुआ। यह डायलिसिस सेंटर रोटरी इंटरनेशनल के ग्लोबल ग्रांट कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित किया गया है।

इस परियोजना में साउथ कोरिया के रोटरी नॉसॉन्ग (जिला 3750) का विशेष सहयोग रहा, जिसे ग्लोबल ग्रांट संख्या 2568253 के तहत क्रियान्वित किया गया। फिलहाल केंद्र पर दो डायलिसिस मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन निकट भविष्य में मशीनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उद्घाटन समारोह में पहले डायलिसिस सेंटर पर लगे शिलापट्ट का अनावरण किया गया, इसके बाद फीता काटकर सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया गया।डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विपिन चाचान ने रोटरी मोतिहारी लेक टाउन क्लब के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में और भी संसाधन क्लब को मुहैया कराए जाएंगे। मुकेश तनेजा ने इस पहल को गरीब किडनी मरीजों के लिए वरदान बताया, वहीं संजीव ठाकुर ने परियोजना से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान की जानकारी साझा की।कार्यक्रम का संचालन रीजनल डायरेक्टर देवप्रिय मुखर्जी ने किया।

इस आयोजन को सफल बनाने में सचिव प्रियंका सरकार, अभिलाष सिंह, रिंकी जायसवाल, डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंहा, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. चंदन जायसवाल, डॉ. सर्वेश राज चौधरी, राजीव रंजन, भूषण जी, मधुर जायसवाल, सौरभ कुमार, अभिषेक शाह, स्टेनली पिल्लई, राजीव कुमार राजू, गौरव तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।अंत में डॉ. अतुल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया, जबकि प्रेसिडेंट रोहित कुमार ने कार्यक्रम की औपचारिक समाप्ति की घोषणा करते हुए उपस्थितजनों को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कुर्बन के ब्यवसायी सुनील भगत पर दबंगों कहर

बेलदौर, खगड़िया,01 जून (तरूणमित्र)।जान करने के नियत से दबंगों ने दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। उक्त मामले को लेकर बेलदौर थाना क्षेत्र के कुर्बन गांव निवासी 47 वर्षीय सुनील भगत ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत किया है कि मेहंदीपुर वासा निवासी कपिल देव सिंह के पुत्र रोशन सिंह मेरे दुकान पर पहुंच कर दालमोट उधार मांगने लगा, उधार नहीं देने पर विरोध किया तो अपने कमर से देसी कट्टा निकालकर दहशत फैलाने हेतु आसमानी फायरिंग कर दिया। फायरिंग करते हुए जान मारने की धमकी देते हुए अपने घर चला गया। उक्त घटना गुरुवार को करीब 9 बजे घटी है। उक्त युवक अपराधी परवर्ती के बताए जा रहे हैं। जिससे स परिवार डरे समय हुए हैं। कई बार उक्त युवक पीड़ित व्यक्ति के दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज के साथ-साथ मारपीट करने की धमकी दी है। उक्त मामले में पीड़ित परिवार अपने सुरक्षा को लेकर दोषियों के ऊपर कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष परशुराम सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है, जांच पड़ताल करने के बाद कार्यवाही की जाएगी। इधर जेएनए के अनुसार कुर्बन के ब्यवसायी सुनील भगत पर दबंगों कहर, पत्नी ने लगाई सुरक्षा की गुहार,मिले न्याय की ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

### अलग -अलग गांव से महिला समेत 8 वारंटी को गिरफ्तार

बेलदौर , खगड़िया,01 जून (तरूणमित्र)। पुलिस ने अलग-अलग गांव से महिला समेत 8 वारंटी को गिरफ्तार कर प्रशासनिक प्रक्रिया पूरा करते हुए न्यायिक हिरासत भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बेलदौर थाना क्षेत्र के पिरनगरा पंचायत के सरपंच गजेंद्र राम, भाई महेश्वर राम, रणवीर राय, सुरेंद्र यादव, रुपेश यादव, बेलनाबाद गांव निवासी साधु शर्मा एवं पुत्र संजीत शर्मा, सदानंद शर्मा के पत्नी गीता देवी को बेलदौर पुलिस ने बीते रात्रि छापामारी करने के दौरान गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि आठो वारंटी फरार चल रहे थे। वहीं न्यायालय के निर्देश पर बेलदौर पुलिस ने सभी आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसे प्रशासनिक प्रक्रिया पूरा करते हुए न्यायिक हिरासत भेज दिया। बताते चलें सरपंच गजेंद्र राम के ऊपर 2022 ईस्वी में मामला दर्ज हुआ था, तब से फरार चल रहे थे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष परशुराम सिंह ने बताया कि अलग-अलग मामले के आठ वारंटी को गिरफ्तार किया गया। जिसे प्रशासनिक प्रक्रिया पूरा करते हुए न्यायिक हिरासत भेज दिया। वही छापामारी दल में बेलदौर थाना के अपर थाना अध्यक्ष पवन कुमार, एस आई विकाश कुमार एस आई राजेश कुमार, राहुल कुमार समेत पुलिस बल मौजूद थे।

### इमरोन कंपनी का बैटरी चोरों ने चोरी कर ,नौ दो ग्यारह

बेलदौर, खगड़िया,01 जून (तरूणमित्र)। दरवाजे पर लगे ट्रैक्टर से चोरों ने बैटरी चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले को लेकर बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र के सोनवा वासा निवासी उमेश यादव ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत किया है। आवेदन में वर्णित है कि बीते शनिवार की रात्रि दरवाजे पर ट्रैक्टर लगा हुआ था। जिसमें इमरोन कंपनी का बैटरी चोरों ने चोरी कर फरार हो गया। बताते चलें कि स्मैककर के चलते थाना क्षेत्र में छोटा-छोटा सामान चोरी हो जाती है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब तक स्थानीय पुलिस स्मैककर पर नकेल नहीं कसते हैं तो आए दिन चोरी की घटना बढ़ती रहेगी। इस संबंध में थाना अध्यक्ष परशुराम सिंह ने बताया कि सूचक के द्वारा आवेदन दिया गया है। मामले को छानबीन कर दोषियों के ऊपर कार्यवाही की जाएगी।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर छात्राओं को किया गया जागरूक

तुरकौलिया पु.च,01 जून (तरूणमित्र)। विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया प्रखंड स्थित राजा राम साह उच्च विद्यालय में छात्राओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, आत्म-सम्मान और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी देना था।इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. अंकिता ने कहा, 'माहवारी कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि यह एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है। हमें अपनी बेटियों को इतना सक्षम बनाना है कि वे इस समय गरिमा और आत्मविश्वास के साथ रह सकें। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान जरूरी सावधानियों, साफ-सफाई और




स्वस्थ जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक छात्राओं के बीच सैनिटरी पैड किट का वितरण किया गया। साथ ही, किशोरियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। पीरामल स्वास्थ्य संस्था से अरविंद कुमार और नंदन झा (डीसीएम) ने छात्राओं को 'मासिक धर्म क्यों जरूरी है' और 'इस दौरान स्वच्छता का महत्व' विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस कार्यक्रम में बीसीएम कुमार विमलेंदु शेखर, जीएनएम ममता कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अर्जुन कुमार गुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में माहवारी को लेकर खुलकर बात करने और इसे सामाजिक स्तर पर स्वीकार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. वीर प्रकाश जायसवाल का योगदान महत्वपूर्ण - डॉ. अरविन्द

पत्रकार नगर,खगड़िया,01 जून (तरूणमित्र)। फरकिया के लाल रामपुर (गोगरी) निवासी डॉ वीर प्रकाश जायसवाल,जो इन दिनों पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज में पेडियाट्रिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर पदासीन हैं।इन्होंने आठ स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं को एम डी (पेडियाट्रिक्स) डिग्री हेतु उनके थीसिस पर जांचोपरांत हस्ताक्षर किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उक्त बातें, कलवार सेवक समाज के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने मीडिया से कही। आगे डॉ वर्मा ने कहा डॉ वीर प्रकाश जायसवाल गोगरी अनुमंडल मुख्यालय स्थित भगवान उच्च विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा और पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पी एम सी एच), पटना से एमबीबीएस की परीक्षा पास की थी। डॉ अरविन्द वर्मा ने कलवार सेवक समाज की तरफ से चिकित्सा के क्षेत्र में प्रोफेसर पद से छात्र छात्राओं का भविष्य संवारने वाले फरकिया के लाल डॉ वीर प्रकाश जायसवाल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डॉ जायसवाल फरकिया क्षेत्र का मान राजधानी पटना में रह कर बढ़ा रहे हैं। डॉ वर्मा ने यह भी कहा विगत अप्रैल माह में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मेडिकल कॉलेज के 56 वें स्थापना दिवस पर डॉ वीर प्रकाश जायसवाल को मोमेंटो और शॉल से सम्मानित भी किया था।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर दिलायी शपथ

सुपौल, 01 जून (तरूणमित्र)। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय इकाई अनूपलाल यादव महाविद्यालय त्रिवेणीगंज, सुपौल, में एक आयेजन किया गया। बिहार के संयुक्त तत्वाधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो.अशोक कुमार की अध्यक्षता में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. विद्यानंद यादव द्वारा संगोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भी किया गया। महाविद्यालय परिसर में संगोष्ठी एवं चयनित ग्राम नगर परिषद लतौना उत्तर, वार्ड नंबर 20, मूसहरी टोला त्रिवेणीगंज में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। तंबाकू निषेध से संबंधित शपथ लिया गया। प्रभारी प्राचार्य ने बताये कि तंबाकू एवं इसके उत्पाद के सेवन से परिवार,समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले कुप्रभाव से



जागरूक करने हेतु प्रत्येक वर्ष 31 मई को हम लोग विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाते हैं ।जैसा हम अन्न खाते हैं, वैसा हमारा मन बनता है। तंबाकू का विभिन्न रूप में सेवन करने से हमारे मन के साथ साथ शरीर के विभिन्न अंग फेफड़ा, लीवर, आंख, आत, किडनी तथा अन्य अंग अपना स्वाभाविक कार्य छोड़कर स्वास्थ्य को बिगाड़ देता है साथ ही साथ हमारी जीवनी शक्ति का ह्रास कर तरह-तरह के घातक रोग उत्पन्न करता है। जिससे हमारी आयु कम होने लगती है ।4 यहां तक की कैंसर जैसे जानलेवा घातक रोग भी उत्पन्न करता है। स्वयंसेवकों को चाहिए कि लोगों को इस खतरा के प्रति अवगत कराकर ₹तंबाकू निषेध₹ करने के प्रति लोगों को जागरूक करें तथा लोगों के स्वास्थ्य निर्माण में सहयोग करें ।एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. विद्यानंद यादव ने 4 कि तंबाकू में मौजूद निकोटीन एक धीमा जहर है। जो धीरे धीरे मानव जीवन का अंत कर देता है। संपूर्ण संसार में लोगों का बेहतर स्वास्थ्य निर्माण के दृष्टिकोण से डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 1987 में सर्वप्रथम विश्व तंबाकू दिवस मनाया गया। तंबाकू के भयंकर दुष्परिणाम से बचने के उद्देश्य से हम प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाते हैं। संपूर्ण विश्व में प्रत्येक वर्ष 70 लाख से अधिक व्यक्ति की मौत तंबाकू सेवन होती हैं। विश्व भर में प्रतिवर्ष लगभग 35 लाख हेक्टेयर भूमि का उपयोग तंबाकू खेती के लिए किया जाता है। विश्व भर में तंबाकू खेती के लिए लगभग 2 लाख हैक्टेयर भूमि के वनों की कटाई प्रत्येक वर्ष की जाती है, जिसका असर पर्यावरण पर पड़ता है। तंबाकू का पौधा जहरीला कचरा पैदा करता है। हवा, पानी और मिट्टी में कई तरह के रसायन छोड़ता है, जिससे भूमि बंजर हो रही है। तंबाकू खेती के लिए बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग किया जाता है। जबकि हमारे ग्रह पर पानी का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। तंबाकू का उत्पादन व्यावसायिक फसल के रूप में किया जाता है। इसलिए गरीब बच्चे इस व्यवसाय में धकेल दिए जाते हैं। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2025 का थीम-अपील को उजागर करनाः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना रखा गया है।

# जैविक खेती से कम लागत में दुगुनी पाए उपज किसान

बेलदौर , खगड़िया,01 जून (तरूणमित्र)। रविवार को प्रखंड सह अंचल परिसर स्थित ई किसान भवन में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय शारदीय(खरीफ) महाभियान -2025 कर्मशाला सह प्रशिक्षण का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन विधायक पन्नालाल सिंह पटेल ने किया इस दौरान जदयू नेता ऋषभ कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बीडीओ सतीश कुमार बीएओ सरयुग रविदास मौजूद थे महोत्सव को संबोधित करते हुए विधायक पन्नालाल सिंह पटेल ने किसानों को जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कम लागत मे ज्यादा पैदावार करने को कहा उन्होंने रासायनिक खाद को त्याग कर जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा इससे खेत की उर्वरा शक्ति बनी



रहती है वहीं बीएओ सरयुग रविदास ने श्री विधि से धान की खेती से दोगुनी फसल की उपज होने के बारे में जानकारी दी उन्होंने सरकार से अनुदानित दर पर मिलने वाली बीज के बारे में विस्तार से जानकारी दिया वही खरीफ महा अभियान को लेकर प्रचार प्रसार नहीं करवाए जाने के कारण आवश्यकता अनुसार कम किसान कर्मशाला में नजर आए कई किसानों ने गुपचुप तरीके से कर्मशाला का आयोजन करने का आरोप लगाए

# सनसनीः हत्या कर युवक का शव नहर में फेंका



**बिक्रमगंज, 01 जून (तरूणमित्र)।** थाना क्षेत्र के धारुपुर गांव में एक सनसनीखेज वो दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। गांव निवासी रोहन यादव के 22 वर्षीय पुत्र सुशील यादव की बेरहमी से हत्या की घटना को अंजाम देकर अपराधियों ने शव को करियवा बाल रोड स्थित नहर में फेंक दिया गया।घटना के संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि सुशील यादव उम्र 22 वर्ष पिता रोहन यादव धारूपुर का शव नहर से रविवार को सुबह बरामद की गई है ।बताया कि बिहार पुलिस की तैयारी में जुटे लड़के अहले सुबह नहर पर दौड़ने के लिए जा रहे थे।तभी नहर में शव दिखाई दिया।सूचना पर पुलिस दल बल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे कर अत्यपरीक्षण के लिए सासाराम भेज दिया गया है। थाना क्षेत्र के धारूपुर वार्ड संख्या 19 स्थित ललकी पुल के समीप नहर में रविवार को एक 22 वर्षीय युवक का संदिग्ध अवस्था मे शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि धारुपुर के बथानी टोला निवासी रोहन यादव के 22 वर्षीय पुत्र सुशील यादव उर्फ भुअर नित्य प्रतिदिन संध्या में टहलने के उद्देश्य से नहर की तरफ जाता था और वहीं पर अपने मित्रों के साथ बैठता भी था। मृतक सुशील यादव उर्फ भुअर अपने ट्रैकर से बालू बिक्री कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था।मृतक के पिता के अनुसार शनिवार को सुशील संध्या में नहर की तरफ गया हुआ था। सुशील को हटिया निवासी भोलू नामक लड़का बुलाया था, जिसका करियवा बाल के समीप खटाल चलता है और मेरे बेटे के साथ वह भी बालू बिक्री करने का कार्य करता है।

जब करीब दस बजे रात्रि तक सुशील घर नही लौटा तो उसकी पत्नी के द्वारा उसके मोबाइल पर काल किया गया तो स्विच ऑफ आ रहा था। अगले सुबह जब गांव के लड़के टहलने के लिए नहर की तरफ गए तो देखा कि सुशील मृत अवस्था मे पड़ा हुआ है और उसके बदन पर कई जगहों पर काले चोट के निशान दिख रहे थे। लड़को के द्वारा दिए गए सूचना पर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को इस संबंध में सूचना दी। पुलिस सूचना पाते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय एवं बिक्रमगंज थाना अध्यक्ष ललन कुमार मौके पर पहुंचे । पुलिस ने बताया कि मृतक के कंधे पर चोट के निशान की बात सामने आ रही है। बिहार पुलिस के साथ ही एस एफ एल की टीम भी जांच में लगी है । पुलिस अग्रसर कार्रवाई कर रही है। एक दोस्त जिसके साथ में यह घूमता फिरता था उसी पर आशंका व्यक्त करते हुए परिवार वालों ने थाने में आवेदन दिया है और बताया कि शनिवार सायंकाल किसी व्यक्ति का कॉल आया था तब सुशील घर से निकला तो पूरी रात घर नहीं लौटा। सुबह मौत होने की सूचना मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह क्षेत्र अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। करियवा बाल रोड नहर के आस-पास का इलाका पूरी तरह सुनसान रहता है। जिससे अपराधियों को खुलेआम वारदात को अंजाम देने की छूट मिल जाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि बिक्रमगंज थाना की गश्ती टीम इस क्षेत्र तक पहुंचती ही नहीं, जिससे अपराधियों के हौसले और भी बुलंद हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है और करियवा बाल रोड पर नियमित गश्ती, स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की है। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र का इलाका सायंकाल में सुनसान हो जाने की वजह से डेढ़ दो वर्षों के अंतराल में अपराधियों ने तीन चार हत्याओं को अंजाम देकर शव को फेक फरार हो जाते है। एक गुत्थी सुलझती नहीं की अपराधकर्मी दूसरे घटना को अंजाम दे जाते रहे है।घटना को लेकर परिजनों समेत गांव में दहशत का माहौल कायम है। सूत्रों की माने तो युवक बालू के व्यवसाय में भी संलिप्त होने की बाते कही जा रही है।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गोपालगंज, 01 जून (तरूणमित्र)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को सिधवलिया प्रखंड के करसघाट पंचायत भवन में नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं)योजना 2016, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, बाल विवाह, विधिक सहायता आदि विभिन्न विषयों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज के पैनल अधिवक्ता बिपिन बिहारी श्रीवास्तव एवं पीएलबी पवन कुमार की टीम ने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक एवम अन्य आम जनता को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों , वरिष्ठ नागरिक के हितार्थ सरकार द्वारा समर्थित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे वरिष्ठ नागरिक पेंशन योजना, प्रधानमंत्री वय वंदन योजना, वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना, बिहार माता पिता भरण पोषण योजना, नालसा की वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 आदि के बारे में जानकारी दी गई. पैनल अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि योजनाओं का लाभार्थी कौन हो सकता है, इसका लाभ कैसे पाया जा सकता है, लाभार्थी को लाभ नहीं मिलने की स्थिति में वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन नंबर 14567 पर कॉल करने या जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में संपर्क स्थापित करने आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

साथ ही कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के तहत कानूनी प्रावधान तथा कानूनी सहायता के अंतर्गत कोई भी महिला, जो किसी विभाग में कार्यरत हैं और कार्य स्थल पर उस महिला के साथ किसी प्रकार का यौन उत्पीड़न का मामला होता है तो वह महिला उस विभाग में बने यौन उत्पीडन कमिटी के समक्ष अपना मामला रख सकती हैं एवं कमिटी उन पहलुओं पर उचित निर्णय लेगी. विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रधानमंत्री के बिहार दौरे से बिहार को मिलेगी ताकत जदयू

**सासाराम, 01 जून (तरूणमित्र)।** जनता दल यूनाइटेड के रोहतास जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने कहा कि विगत 30 मई को बिक्रमगंज के दुगार्डीह में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुख्य अतिथि में संपन्न एनडीए का सम्मेलन भव्य रूप में सफल हुआ। शाहाबाद के कोने-कोने से आए लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्याख्यानों को सुना और बिहार के विकास के लिए इन दोनों युगपुरुषों की प्रतिबद्धता को समझा।

इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार को जो सौगाते मिली वह पूरे प्रदेश को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करेगी और इन दोनों महापुरुषों के किए गए योगदान और कार्यों के आधार पर बिहार संपन्नता तथा विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा। विगत सरकारों द्वारा बिहार को जो अंधकार के गर्त में धकेला गया था बिहार वासियों का जो गौरव हनन हुआ था बिहार की संपन्नता और वैभव पर जो आघात हुआ था उसे संभाल कर एक नए बिहार का निर्माण करने की क्षमता केवल इन्हीं दोनों महापुरुषों में है।

आज बिहार की जो तेजी से बदल रही तस्वीर हैं जो दिन प्रतिदिन विकास के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं वह एनडीए की सरकार के बदौलत ही है जिसका नेतृत्व केंद्र में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी कर रहे हैं।

अगर बिहार की जनता इन दोनों महापुरुषों के विचारों तथा कार्यों में यूं ही अपना आस्था और विश्वास प्रकट करती रही तो अगली सरकार भी निसंदेह एनडीए की ही बिहार में बनेगी और प्रदेश एक विकसित प्रदेश के रूप में हमारे देश के प्रदेशों की श्रृंखला में प्रथम पंक्ति में आंकर खड़ा होगा।

30 मई के कार्यक्रम के विरोध में विपक्ष के लोगों द्वारा जो मिथ्या और अनर्गल प्रचार प्रसार किया जा रहा है वह केवल उनके निराशा और हताशा को दर्शा रहा है। वास्तव में यह कार्यक्रम अभूतपूर्व रूप से सफल और अविस्मरणीय था ।

# तम्बाकू निषेध दिवस पर न्यायालय कर्मियों ने ली शपथ



**गोपालगंज, 01 जून (तरूणमित्र)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज के तत्वावधान में तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय, गोपालगंज की नई भवन के प्रथम तल की गैलरी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा की अध्यक्षता तम्बाकू एवम तम्बाकू उत्पादों का सेवन न करने हेतु जागरूकता-सह-शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया . तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित जागरूकता-सह-शपथ कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय, गोपालगंज के सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष एवं सचिव सहित कई विद्वान अधिवक्तागण, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पारा विधिक स्वयंसेवक आदि की उपस्थिति में जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज गुरविंदर सिंह मल्होत्रा द्वारा सभी प्रतिभागियों को कभी भी 'तम्बाकू, धूम्रपान एवं अन्य किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने और न ही इसके विपणन कार्यों में सहयोग करने एवम अपने परिजनों तथा परिचितों को भी धूम्रपान एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने, साथ ही साथ गोपालगंज न्यायालय परिसर को तम्बाकू मुक्त रखने तथा अपने सहयोगियों को भी इसके लिए प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश धीरेन्द्र बहादुर सिंह, सभी एडीजे , सभी एसीजेएम, सभी न्यायिक दंडाधिकारी, विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य अधिवक्तागण भाग लिए . कार्यक्रम के अंत में जिला एवम सत्र न्यायाधीश के आदेश पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज अनूप कुमार उपाध्याय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त कलश यात्रा के साथ यज्ञ कार्य प्रारंभ



**दलसिंहसराय (समस्तीपुर) , 01 जून (तरूणमित्र)।** नगर परिषद अन्तर्गत ग्राम रामपुर जलालपुर बड़ी ठाकुरबाड़ी परिसर में निर्मित महादेव मंदिर जिसका नामकरण शिवशक्ति धाम के रूप में किया गया है उसमें में प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त यज्ञ का आयोजन दिनांक 01/06/2025 से दिनांक 09/06/2025 तक निर्धारित है।नौ दिवसीय इस यज्ञ कार्य का प्रारंभ आज कुंवारी कन्याओं के कलश यात्रा के साथ विधिपूर्वक किया गया।कलश यात्रा गांव के हीं कुल देवी मां काली स्थान मंदिर से निकली जो नगर भ्रमण के पश्चात यज्ञ स्थल श्री राम-जानकी मंदिर, बड़ी ठाकुरबाड़ी परिसर में आकर समाप्त हुई।कलश यात्रा ग्रामीणों के सहयोग से अनुशासित और मर्यादित ढंग से सम्पन्न हुआ। कहीं भी यातायात बाधित नहीं हुआ और आम जनों को यात्रा के क्रम में कोई परेशानी नहीं हुई। कलश यात्रा का संचालन सभी ग्रामिणों द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। सभी जाति विरादरी से आये कुंवारी कन्याओं ने श्रद्धापूर्वक कलश यात्रा में भाग लिया। काशी से आये पुरोहितों की टीम ठाकुरबाड़ी के कुलपुरोहित पंडित इन्द्र कांत झा जी के आचार्य पीठ अन्तर्गत यज्ञ कार्य आरंभ किये।

आज से नौ दिवसीय शिवपुराण कथा वाचन का कार्यक्रम भी यज्ञ स्थल पर शाम सात बजे से आयोजित है। कथा वाचन मथुरा से पधारे कथावाचक देवी गौरप्रिया के द्वारा अपनी टीम के साथ किया जाएगा। मुख्य रूप से उपस्थित सुमित भूषण चौधरी पूर्व मुखिया अशोक कुमार चौधरी संजय कुमार चौधरी गणेश प्रसाद चौधरी श्रीकांत चौधरी निशांत कुमार चौधरी वीरेंद्र चौधरी आयुष झा देवन दास इत्यादि ग्रामीण बहुत सारे ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरी-रमेश

**राजपुर-रोहतास, 01 जून (तरूणमित्र)** ।प्रखण्ड के मंगरवालिया गांव स्थित खेल मैदान पर शनिवार की रात मंगरवलिया खेल मैदान पर नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार स्टेट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष सह दी सासाराम भभुआ सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे,राजपुर प्रमुख कुंती देवी,जिला परिषद सदस्य रेशमा कुमारी,नोखा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य कृष्ण मुरारी मिश्रा उर्फ मेलु मिश्रा,,मंगरवलिया पंचायत मुखिया इन्द्रजीत सिंह,राजपुर थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार ने संयुक्त रूप द्वीप प्रज्वलित कर किया।छः ओवर का खेले गये इस टूनार्मेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया।टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच मंगलवलिया पंचायत के काशीपुरी बनाम सखारा गांव टीम के बीच खेला गया।फाइनल मुकाबले में बरना पंचायत के सबेया गांव की टीम ने मौना टीम को हराकर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्टेट कोऑपरेटिव अध्यक्ष चौबे ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरी हैं। गांव में प्रतिभा की कमी नहीं है।.इन्हीं बच्चों में से कोई अच्छा खेलकर क्षेत्र व देश का नाम रौशन कर सकता है।.इसलिए इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिये।जिला परिषद सदस्य मेलू मिश्रा ने कहा कि खेल से जहा प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर कर सामने आता है,वहीं आपसी प्रेम व भाईचारा भी बढ़ता है। प्रखंड प्रमुख कुंती कुंअर ने कहा कि खेल को खेल भावना से हीं खेलना चाहिए। खेल में खेलाडी को हार से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए।

# अवैध आग्नेयास्त्रों के साथ गोपालगंज,सारण और सीवान के वांछित लुटेरे बैकुंठपुर पुलिस के हत्थे चढ़े



**बैकुंठपुर (गोपालगंज), 01 जून (तरूणमित्र)।** बैकुंठपुर थाने की पुलिस ने संयुक्त अभियान के तहत वाहन जांच के दौरान शनिवार की रात चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है. एसडीपीओ 2 राजेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि सड़क लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए बैकुंठपुर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में एक संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसमें गोपालगंज के आसूचना शाखा के पुलिस अधिकारी ओमप्रकाश चौहान, महम्मदपुर थाना के सब इंस्पेक्टर पिंटू कुमार, अपर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, सब इंस्पेक्टर विकास कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार, एएसआई अशरफ हुसैन खान शामिल थे. इसी क्रम में संदिग्ध तीन बाइकों पर सवार युवकों को रोककर उनकी सघन तलाशी ली गई. इन बाइक सवार अपराधियों के पास से दो देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त तीन बाइकें एवं पकड़ी मोड़ से लूटी गई एक होंडा साइन बाइक भी बरामद की गई . एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में सीमावर्ती सारण जिले के पानापुर थाने के टोटहां गांव के कमलेश कुमार, बैकुंठपुर थाने के मुंजा-बखरी गांव के चंदन कुमार, विवेक कुमार एवं पानापुर थाने के खजूरी गांव के सद्दाम हुसैन शामिल हैं. उन्होंने बताया कि लूटकांड को लेकर पुलिस की टीम गठित की गई थी. गठित टीम ने छापेमारी के दौरान बाइक पर सवार संदिग्ध लोगों को पकड़ कर पूछताछ शुरू की।

पूछताछ के दौरान तीनों अपराधियों ने लगभग नौ लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. उनकी निशान देही पर एक अन्य युवक को भी घटना में संलिप्त होने पर गिरफ्तार किया गया. एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने सीमावर्ती सारण एवं सिवान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के नौ लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# शिल्पी यादव हत्या काण्ड में पुलिस की भूमिका संदिग्ध-दिलीप

**गोपालगंज।** बिहार में अपराधियों की समानांतर सरकार कायम है. अपराधियों के आगे डबल इंजन की सरकार बेबस और लाचार है.उक्त बातें राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने शुक्रवार को भोरे में शिल्पी यादव के परिजनों से मिलने के बाद कहीं.राजद के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ श्री सिंह पीड़ित परिजनों से मिले. श्री सिंह ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका संदिग्ध है. इस हत्याकांड की पुलिस द्वारा लीपापोती की जा रही है. उन्होंने कहा कि विगत दिनों में इस तरह की कई घटनाएं जिले में घटित हुई हैं और ये घटनाएं साबित कर रही हैं कि अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त हो गया है। श्री सिंह ने कहा इस पूरे मामले को पुलिस दबाना चाहती है जिसे किसी कीमत पर बर्दास्त नही किया जाएगा. उन्होंने कहा कि शिल्पी यादव को इंसाफ दिलाने के लिए राजद सड़क से सदन तक आंदोलन करेगा। मौके पर राजद के जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, फैज अकरम, संतोष यादव, विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बतशा में रुद्र महायज्ञ को लेकर निकाली गई जल यात्रा

**विक्रमगंज ( रोहतास), 01 जून (तरूणमित्र)।** दावथ प्रखंड के बतशा ग्राम में रुद महायज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा के लिए जलभरी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तपती धूप में श्रद्धालुओं की आस्था भारी पड़ी। महिला श्रद्धालुओं में आस्था को ले काफी उत्साह देखा गया। आचार्य सुशील पाठक पंडित विक्की मिश्रा दीपक पाठक, सुभाष पाण्डेय, दीपांशु भारद्वाज,की अगुवाई में बतशा स्थिति यज्ञ स्थल से शोभा यात्रा शुरू हुई। माथे पर कलश लिए सैकड़ों महिलाओं ने मलियाबाग काव नदी के से जल भर पुनः यज्ञ मंडप तक पहुंची। शोभायात्रा में गाजे बाजे के साथ हाथी, घोड़े, ऊंट भी शामिल हुए। शोभा यात्रा में कई गांवों की काफी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। महिला श्रद्धालुओं की अच्छी खासी संख्या थी। यज्ञाचार्य आचार्य सुशील पाठक ने बताया कि श्रद्धालुओं को पंडित संतोष महाराज जी के प्रवचन के द्वारा रसपान भी कराया जाएगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यज्ञ समिति द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। समस्त ग्रामीण श्रद्धालु की स्वागत में तत्पर हैं। जल यात्रा में यज्ञ के प्रधान यजमान दसई शर्मा, हरिद्वार जी,पीतांबर जी किशोरी जी ,संजय जी, आरती देवी , पुनयजी,चंदन जी सरजू जी एवं समस्त ग्रामीण जनता भाग लिए।

### अपराधियों पर नकेल कसने सड़क पर उतरे एसपी

**गोपालगंज, 01 जून (तरूणमित्र)।** गोपालगंज में एसपी अवधेश दिक्षीत अपराध नियंत्रण को लेकर एक्शन में हैं. अपराधियों एवं मनचलों पर नकेल कसने के लिए पूरे जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. थावे में खुद एसपी ने अपनी मौजूदगी में देर रात तक वाहन जांच अभियान चलाया. उन्होंने कहा कि क्राइम कंट्रोल को लेकर सभी संवेदनशील जगहों पर हर छोटे बड़े वाहन के जांच की जा रही है. इसके साथ ही सभी थानों में यह अभियान चलाया जा रहा है. गोपालगंज एसपी अवधेश दिक्षीत लगातार देर रात्रि कभी भी किसी भी थाने में पहुंच जाते हैं. जिसे लेकर जिले के सभी थाने अलर्ट मोड पर हैं. लगातार गोपालगंज एसपी की हनक शहर में देखने को मिल रही है. एसपी के लगातार निर्देश के बाद शहर में हर छोटे बड़े वाहनों की जांच की जा रही है और उससे जुमार्ना वसूला जा रहा है. जिसको लेकर शहर में वाहन चालक पूरे नियम का पालन करते नजर आ रहे हैं. साथ ही साथ शहर में क्राइम कंट्रोल भी हो रहा है।

### एसडीओ ने संभाला पदभार

**बिक्रमगंज, 01 जून (तरूणमित्र)।** तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक के स्थानांतरण होने के पश्चात नए एसडीओ के रूप में प्रभात कुमार ने पदभार संभाल लिया है ।पदभार संभालते ही कर्मियों ने एक दूसरे से परिचय कराते हुए बधाई दिया।

# समस्तीपुर मे आदर्श मिथिला पार्टी का 11 उम्मीदवार घोषित




**समस्तीपुर, 01 जून (तरूणमित्र)।** आदर्श मिथिला पार्टी कोर कमेटी की विशेष बैठक हरपुर एलौथ स्थित प्रेमजीत झा के आवास पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेशचन्द्र भारती की अध्यक्षता में तथा संस्थापक डॉ धनाकर ठाकुर की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई जिसमें पार्टी के आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सक्रियता से मिथिला क्षेत्र में चुनाव लडने का निर्णय लिया है तथा आज ग्यारह चुनाव क्षेत्र से संभावित उम्मीदवार की घोषणा भी किया है जो इस प्रकार हैं मधुबनी जिले के खजौली से रत्नेश्वर झा,हरलाखी से गौड़ीशरण झा, समस्तीपुर जिले के समस्तीपुर से प्रमोद कुमार सिन्हा तथा वारिसनगर से असित कुमार चौधरी, दरभंगा जिले के दरभंगा सदर से डॉ राज कुमार महतो तथा बेनीपुर से दयाशंकर चौधरी, बेगूसराय के बछबाड़ा से सुरेश पासवान, सहरसा जिला के सहरसा से निर्मल कुमार मिश्र तथा सिमरी बख्तियारपुर से उमेश चन्द्र भारती, मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी से संजय ठाकुर, पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन से सुबोध कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। आज पार्टी में प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेम जीत झा, समस्तीपुर तथा पार्टी के समस्तीपुर जिले के अध्यक्ष पद असित कुमार चौधरी को तथा डॉ परमानन्द लाभ के संयोजन में पांच सदस्यीय चुनाव घोषणापत्र कमिटी का घोषणा किया गया।

पार्टी 26जून को दरभंगा के दरभंगा एवं बेनीपुर में 27जून को सहरसा, मधुबनी के जयनगर में 28 जूनको, बेगूसराय में 29 जून को बैठक का आयोजन करेगी जिसमें और भी उम्मीदवार घोषित होंगे ।आज के बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संस्थापक डॉ धनाकर ठाकुर, मिथिला शिक्षा मंच सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संयोजक प्रो. पी. के. झा प्रेम, आदर्श मिथिला पार्टी के अध्यक्ष उमेश चन्द्र भारती, महासचिव रत्नेश्वर झा, कोषाध्यक्ष डॉ रामकुमार झा, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेमजीत झा, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ परमानन्द लाभ, पार्टी के वरिष्ठ सदस्य हरेकृष्ण चौधरी, प्रमोद कुमार सिन्हा, दया शंकर चौधरी,पवन कुमार राय, मिथिला सेवी डॉ केशव कुमार सिंह, जाह्नवी आदि उपस्थित थे।

### स्कार्पियों ने ई रिक्शा में मारी ठोकर छः लोग हुए घायल

**कोचस (रोहतास), 01 जून (तरूणमित्र)।** शनिवार की देर शाम थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर शैलाश मोड के समीप अनियंत्रित स्कार्पियो ने ई रिक्शा में पीछे से ठोकर मार दी जहां सड़क किनारे गढ़े मे ई रिक्शा के पलट जाने से उसपर पर सवार आधार दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए। हालांकि घटना को अंजाम दे चालक स्कॉर्पियो लेकर भागने में सफल रहा। घायलों में अरविंद कुमार, पंकज कुमार, अंकिता देवी, प्रमिला देवी, लूना कुमारी और आरव कुमार शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैमूर जिले के कुछिला थाना क्षेत्र के बरूंडा गांव के छह लोग ई-रिक्शा पर सवार हो कोचस से अपने गांव कुछीला लौट रहे थे तभी तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित स्कार्पियो ने पीछे से ई रिक्शा में ठोकर मार दी जिसमें ई रिक्शा के प्लांट जाने से उस पर सवार छह लोग बुरी तरह जख्मीहो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायल को पास के निजी क्लीनिक मे ला भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सक ने दो लोगो की स्थिति नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए बनारस के ट्रामा सेंटर भेज दिया है।

### शानदेहस्पद स्थिति में महिला की मौत

**नौहट्टा, 01 जून (तरूणमित्र)।** रोहतास थाना क्षेत्र के छिहत्तर में घर में फांसी लगने की सूचना पुलिस को शनिवार की देर शाम मिली जिसकी बाद नौहट्टा थाना अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, अपर थानाध्यक्ष विजेंद्र कुमार, एस आईं अनामिका कुमारी घटना स्थल पहुंचे और महिला का शव बरामद की। मृतक महिला की पहचान सबिता देवी उम्र 22 वर्ष पति बहादुर चेरो छिहंतर निवासी के रूप में की गई। बताया गया कि बहादुर चेरो को बाहर काम करने जाना था। और पति पत्नी के बीच में अनबन हुई थी जिसके बाद महिला ने घर में फांसी लगा लिया। वही मृतका का मायका सुअरमान्वा गांव में बताया गया । जहां मृतिका के मायके वालों का आरोप है कि महिला को दहेज के लिए मार कर फांसी पर लटकाया गया है। वही पुलिस ने घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर अंत परीक्षण हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# जसप्रीत बुमराह लेंगे संन्यास!

● इंग्लैंड दौरे से पहले भारतीय तेज गेंदबाज ने दिया ये बड़ा हिंट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली है. इस दौरे से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास का ऐलान कर दिया. वहीं अब टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का एक चौंकाने वाला बयान सामने आया है. इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है. शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी.

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज में से एक जसप्रीत बुमराह ने अपने रिटायमेंट प्लान का खुलासा किया है. बुमराह ने पूर्व आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी माइकल क्लार्क के यूट्यूब पॉडकास्ट शो बेयॉन्ड 23 में बताया कि जब उनका शरीर सही तरह से क्रिकेट नहीं खेल पाएगा, उस वक्त वे संन्यास का ऐलान कर देंगे. बुमराह ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए लंबे समय तक सब कुछ खेलते रहना कठिन है. बुमराह ने आगे कहा कि मैं काफी समय से ऐसा कर रहा हूं, लेकिन एक समय पर आपको ये समझना पड़ता है कि आपका शरीर कहां जा रहा है.

### मैं हमेशा आगे बढ़ना चाहता हूं

जसप्रीत बुमराह ने आगे कहा कि आपको अपने शरीर को लेकर यह तय करना चाहिए कि कौन सा टूर्नामेंट खेलना ज्यादा जरूरी है. खिलाड़ी को अपने शरीर का इस्तेमाल करने में थोड़ा समझदार होना चाहिए. बुमराह ने आगे कहा कि मैं क्रिकेटर के तौर पर अपने करियर में कुछ नहीं छोड़ना चाहता और हमेशा ही आगे बढ़ना चाहता हूं.

# लिवरपूल ने जेरेमी फ्रिम्पोंग को किया साइन



**लिवरपूल, एजेंसी।** लिवरपूल ने बायर लीवरकुसेन से डच खिलाड़ी जेरेमी फ्रिम्पोंग के साथ अनुबंध किया है। नए कोच आर्ने स्लॉट के आने के बाद क्लब का पहला बड़ा अनुबंध है। 24 वर्षीय राइट-विंग-बैक ने शुक्रवार को एएक्सए ट्रेनिंग सेंटर में सफलतापूर्वक मेडिकल पूरा करने के बाद दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। क्लब के आधिकारिक चैनल से बात करते हुए फ्रिम्पोंग ने कहा, यह काफी आसान रहा। लिवरपूल ने दिलचस्पी जाहिर की थी और यह मेरे लिए बड़े अवसर की तरह था।

विंग-बैक ने कहा, मेरे लिए यह ऐसा था कि आप लोग किसी भी तरह, बस इसे पूरा करें। लिवरपूल के प्रशंसकों को मैं अपना सब देने जा रहा हूं, और उम्मीद है कि हम एक साथ जीतेंगे, एक साथ जश्न मनाएंगे, सब कुछ एक साथ करेंगे। फ्रिम्पोंग ने बेयर लीवरकुसेन के 2023-24 के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने साढ़े चार साल के साथ के दौरान 190 मैचों में 30 गोल किए थे और 44 गोलों में सहायता दी थी। जाबी अलोंसो के नेतृत्व में, फ्रिम्पोंग ने क्लब को एक अपराजित बुंडेसलीगा खिताब और डीएफबी-पोकल हासिल करने में मदद की, और उनके उल्लेखनीय 51-गेम अपराजित लकीर ने आखिरकार यूईएफए यूरोपा लीग के फाइनल के साथ अपना समापन किया।

पुरानी गेंद से लेकर बाउंड्री पर कैच तक...

# क्रिकेट में जून 2025 से लागू होंगे नए नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट के खेल को और रोमांचक बनाने के लिए नए खेल नियमों को लागू करने का फैसला किया है. ये नियम जून 2025 से प्रभावी होंगे.

व्हाइट बॉल और रेड बॉल क्रिकेट में कई नियम बदलने जा रहे हैं, जिससे गेंद और बल्ले के बीच बराबर की टक्कर देखने को मिलेगी. रिपोर्ट के मुताबिक, वनडे में पुरानी गेंद, कनकशन सब्स्टीट्यूट, डीआरएस और बाउंड्री लाइन पर लिए जाने वाले कैचों के नियम में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं. आईसीसी का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाना है. हाल के सालों में, खासकर सीमित ओवरों के फॉर्मेट में, बल्लेबाजों का दबदबा देखा गया है, जिसके कारण गेंदबाजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है. लेकिन अब वनडे क्रिकेट में लागू दो गेंदों के नियम को हटाने की योजना है. इस नियम के तहत, दोनों छोर से दो नई गेंदों का उपयोग किया जाता था, जिससे गेंदबाजों को स्विंग और सीम मूवमेंट में कमी का सामना करना पड़ता था. लेकिन जून 2025 से लागू हो रहे नए नियमों के हिसाब



से वनडे में अब 34 ओवर तक दो गेंदें इस्तेमाल होंगी. इसके बाद 35 से 50 ओवर तक सिर्फ 1 गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा. फील्डिंग टीम 35 से 50 ओवर के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दो गेंदों में से एक का चयन करेगी.

चुनी गई गेंद का इस्तेमाल मैच के बाकी बचे समय में दोनों छोर पर किया जाएगा. वहीं, कोई वनडे मैच बारिश या किसी और वजह से 25 ओवर से कम का खेला जाता है तो दोनों पारियों में सिर्फ 1-1 गेंद का ही इस्तेमाल होगा. बता दें, वनडे में ये नया नियम 2 जुलाई से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज से लागू होगा.

### कनकशन सब्स्टीट्यूट का नियम भी बदलेगा

कनकशन सब्स्टीट्यूट का नियम भी पिछले कुछ समय से विवादों में रहा है. लेकिन अब टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम बताने होंगे. इन 5 खिलाड़ियों में से एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर होगा. दूसरी ओर बाउंड्री लाइन कैच और डीआरएस प्रोटोकॉल में नियम में बदलाव के बारे में बाद में भी आईसीसी जल्द ही सभी टीमों को बताएगी. हालांकि टेस्ट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के बाद लागू होंगे.

महिला फैन ने दी धमकी

# आरसीबी फाइनल नहीं जीती तो तलाक दे दूंगी...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है, अब आखिरी 2 मैचों का खेल बाकी है. दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस का जोश देखते ही बनता है. क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स पर शानदार जीत के बाद आरसीबी फाइनल में पहुंच चुकी है. आरसीबी की टीम 9 साल के बाद आईपीएल का फाइनल खेलने वाली है. इसी बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की एक फैन सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है. इस फैन ने आरसीबी के ना जीतने पर अपने पति को तलाक देने की धमकी दी है. 29 मई 2025 को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर-1 मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई. इससे



पहले आरसीबी ने अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ में खेला था. इस मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद एक महिला फैन ने अनोखा पोस्टर लहराया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया. पोस्टर पर लिखा संदेश इतना अनोखा था कि यह तुरंत कैमरों की नजर में आ गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इस पोस्टर का वीडियो अब लाखों लोगों तक पहुंच चुका है, और फैंस इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. इस पोस्टर पर लिखा है, 'अगर आरसीबी फाइनल नहीं जीती, तो मैं अपने पति को तलाक दे दूंगी.' इस अनोखे और बोल्ड बयान ने क्रिकेट फैंस के बीच हंसी, आश्चर्य और बहस का माहौल बना दिया है. आरसीबी के फैंस हमेशा से अपने जोश और जुनून के लिए मशहूर रहे हैं. इस महिला फैन का पोस्टर भी उनके इस जुनून का एक उदाहरण है. वहीं, कुछ लोगों ने इसे गंभीरता से लिया और सवाल उठाया कि क्रिकेट के फैसले को निजी रिश्तों से जोड़ना कहां तक उचित है.

### शानदार फॉर्म में आरसीबी की टीम

आरसीबी की टीम अपने शानदार प्रदर्शन के लिए सुर्खियों में बनी हुई है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ये सीजन अभी तक काफी शानदार रहा है. उसने लीग स्टेज में 14 में से 9 मैचों में जीत हासिल की और 19 अंकों के साथ वह दूसरे स्थान पर रही.आरसीबी अब 3 जून 2025 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में मुकाबला उतरेगी. उसका सामना क्वालिफायर-2 की विजेता टीम (मुंबई इंडियंस या पंजाब किंग्स) से होगा.

आईपीएल 2025:

# टूटे सभी रिकॉर्ड्स, प्लेऑफ मैच में जमकर बरसे रन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल-2025 का एलिमिनेटर मैच चंडीगढ़ में शुक्रवार को खेला गया, जिसमें मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 20 रन से मात दी। इसी के साथ मुंबई क्वालीफायर-2 में पहुंच चुकी है। इस नॉकआउट मुकाबले में जमकर रन बरसे। आलम ये रहा कि पिछले सभी रिकॉर्ड्स भी टूट गए। इस मैच में मुंबई ने 228 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 208 रन बना सकी। यानी मुकाबले में कुल मिलाकर 436 रन बने। ये आईपीएल इतिहास के प्लेऑफ मैच में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड है। इससे पहले साल 2014 में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने मिलकर 428 जोड़े थे। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच साल 2016 में खेला गया फाइनल मुकाबला तीसरे स्थान पर है, जिसमें कुल 408 रन बने थे। इनके अलावा गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस की टीम साल 2023 में मिलकर 404 रन बना चुकी है। 30 मई को खेले गए निर्णायक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए। टीम के लिए रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 81 रन बनाए, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 47 रन की पारी खेली। दोनों सलामी बल्लेबाजों के बीच 7.2 ओवरों में 84 रन की साझेदारी हुई। विपक्षी टीम के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने 2-2 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज ने 1 शिकार किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सर्वाधिक 80 रन की पारी खेली, जबकि वॉशिंगटन सुंदर ने 48 रन का योगदान दिया, लेकिन गुजरात को जीत नहीं दिला सके। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 2 शिकार किए। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, मिचेल सेंटनर और अश्विनी कुमार ने 1-1 विकेट चटकाए। क्वालीफायर-2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1 जून को खेला जाना है, जहां मुंबई का सामना पंजाब किंग्स से होगा। ये नॉकआउट मैच जीतने वाली टीम 3 जून को इसी स्टेडियम में आरसीबी से खिताब के लिए भिड़ेगी।

# करुण नायर ने जड़ा नाबाद शतक

● टीम इंडिया से बाहर हुए सरफराज खान भी चमके ● इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ इंडिया-ए मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड लॉयन्स और इंडिया-ए के बीच चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच 30 मई (शुक्रवार) से कैंटरबरी के सेंट लॉरेंस ग्राउंड पर शुरू हुआ. इस मुकाबले के पहले दिन करुण नायर और सरफराज खान ने शानदार बल्लेबाजी की. करुण नायर ने जहां नाबाद शतकीय पारी खेली है. वहीं सरफराज खान ने 92 रनों का योगदान दिया. ध्रुव जुरेल के बल्ले से भी नाबाद अर्धशतकीय पारी निकली है. इन तीनों खिलाड़ियों की शानदार पारियों के दम पर इंडिया-ए ने पहले दिन की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 409 रन बना लिए. करुण नायर 186 (246 गेंद, 24 चौके और 1 सिक्स) और ध्रुव जुरेल 82 रनों (104 गेंद, 9 चौके और एक सिक्स) पर नाबाद लौटे. करुण और जुरेल के बीच चौथे विकेट के लिए अब तक 177 रनों की पार्टनरशिप हो चुकी है.

बता दें कि करुण नायर को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के भारतीय टीम में जगह मिली है. वहीं सरफराज खान को ड्रॉप कर दिया गया था. अब सरफराज ने शानदार पारी खेलकर चयनकर्ताओं को जवाब दिया है. दूसरी ओर करुण नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की.



### यशस्वी-ईश्वरन ने किया निराश

इस मुकाबले में इंडिया-ए को पहला झटका छठे ही ओवर में लग गया, जब कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन महज 8 रनों के निजी स्कोर पर एडवर्क जैक का शिकार बने. फिर दूसरे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (24 रन) भी सेट होने के बाद जोश हल की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच थमा बैठे. 51 रनों पर दूसरा विकेट गिरने के बाद सरफराज खान और करुण नायर ने जबरदस्त पार्टनरशिप करके टीम को संभाला. सरफराज और करुण नायर के बीच तीसरे विकेट के लिए 181 रनों की पार्टनरशिप हुई. सरफराज ने 119 गेंदों पर 92 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे. सरफराज को जोश हल ने विकेटकीपर जेम्स रेव के हाथों कैच आउट कराया. सरफराज के आउट होने के कुछ देर बाद करुण नायर ने अपना शतक पूरा कर लिया. करुण के फर्स्ट क्लास करियर का ये 24वां शतक रहा.

**इंडिया-ए की प्लेइंग-11:**
अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे, अंशुल कम्बोज, हर्षित राणा, मुकेश कुमार.

**इंग्लैंड लॉयन्स की प्लेइंग-11:**
टॉम हेंस, बेन मैकिनी, एमिलियो गे, मैक्स होल्डन, जेम्स रेव (कप्तान/विकेटकीपर), डैन मूसली, रेहान अहमद , जमान अख्तर, एडवर्ड जैक, जोश हल, अजीत डेल.

# रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को खेले गए आईपीएल एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात जायंट्स को हरा दिया। अब मुंबई की टीम 1 जून को पंजाब के साथ क्वालिफायर-2 खेलेगी। इस मैच में जीतने वाली



टीम फाइनल में आरसीबी से भिड़ेगी। मुंबई के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने 81 रनों की पारी खेली। रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय बने। वे कोहली के बाद 7 हजार रन बनाने वाले लीग के दूसरे बैटर भी बने। गुजरात टाइटंस आईपीएल के इस सीजन सबसे ज्यादा कैच छोड़ने वाली टीम बनी। टीम ने इस सीजन 27 कैच ड्रॉप किए। जीटी ने अपने पहले पांच मैचों में कुल 5 कैच गिराए थे, लेकिन इसके बाद के अगले 10 मैचों में 22 कैच छोड़े। मेंस टी-20 लीग में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सूर्यकुमार यादव के नाम हो गया है। उन्होंने इस सीजन 15 बार 25+ का स्कोर किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 13 पारियों के साथ केन विलियमसन (आईपीएल 2018) और शुभमन गिल (आईपीएल 2023) के नाम था।

थाईलेंड ओपन:

# मुक्केबाज किरण और दीपक थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे, प्रिया को कांस्य से करना पड़ा संतोष



**बैंकॉक, एजेंसी।** महिलाओं के 75 किलो भारवर्ग में ने किरण ने यूक्रेन की पोलिना चेर्नन को 5-0 से हराया। पुरुष वर्ग के 75 भारवर्ग में दीपक ने थाईलैंड के पीरपट यिसू के जजों के सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 से पराजित किया। भारतीय मुक्केबाज किरण और दीपक ने चौथे थाईलैंड ओपन में अपने अपने वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। महिलाओं के 75 किलो भारवर्ग में ने किरण ने यूक्रेन की पोलिना चेर्नन को 5-0 से हराया। पुरुष वर्ग के 75 भारवर्ग में दीपक ने थाईलैंड के पीरपट यिसू के जजों के सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 से पराजित किया। दीपक ने बेहतर तकनीकी कौशल दिखाने के अलावा मौका मिलने पर अंक भी बटोरे। भारत ने प्रतियोगिता में 19 सदस्यीय दल उतारा है। महिलाओं के सेमीफाइनल में प्रिया (57 किग्रा) और सनेह (70 किग्रा) अपने मुकाबलों में संघर्ष करने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं, तथा उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

फ्रेंच ओपन:

# स्वियातेक और सबालेंका फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में, अल्कारेज और टियाफो भी अगले राउंड में पहुंचे

**पेरिस, एजेंसी।** तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की।

गत महिला चैंपियन इगा स्वियातेक और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। वहीं, पुरुष एकल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और फ्रांसेस टियाफो ने भी अगले दौर में जगह बनाई।

**सबालेंका और स्वियातेक की एकतरफा जीत:** तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की। स्वियातेक का दूसरा सेट एक घंटे 16 मिनट तक चला। 27 वर्षीय सबालेंका इस साल छह एकल फाइनल में पहुंच चुकी हैं, लेकिन स्वियातेक पिछले साल लगातार अपना तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद पहले फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी हैं। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने 18 वर्षीय क्वालिफायर विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-4, से मात दी, जबकि 16वें नंबर की खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा और लियूडमिला सैमसोनोवा ने भी अपने मुकाबले जीत लिए।

**अल्कारेज और टियाफो भी जीते**

पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कारेज ने जुम्बुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4



से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो ने हमवतन कोर्डा को 7-6, 6-3, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। पुरुषों के अन्य मुकाबलों में आठवें नंबर के लोरेंजो मुसेटी ने मारियानो नावोने को, होल्गर रूने ने फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को और अमेरिका के 12वें वरीय टॉमी पॉल ने कारेन खाचानोव को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

**सिनर और गॉफ भी अगले दौर में पहुंचे**

इससे पहले विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ बृहस्पतिवार को जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गासकेट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी।

**ज्वेरेव और फिल्स भी अगले दौर में**

तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पैर की परेशानी से निपटने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया। उन्होंने हालांकि तीन सेटों में कोरेंटिन मोउटेट को शिकस्त दी। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया।